हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025









### जुर्माने के साथ एफआईआर दर्ज करने पर भी हो रहा विचार

# सड़कों पर मवेशीः मालिक पर कार्रवाई के लिए सख्त प्लान बना रहा प्रशासन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाईकोर्ट की फटकार के बाद प्रदेश के अधिकांश जिलों में प्रशासन ने अब सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। जिले में भी ऐसे मवेशी मालिकों के खिलाफ एक्शन के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसमें जुर्माने के साथ ही अन्य कठोर कदम उठाए जा सकते हैं। वहीं इससे पहले प्रशासन सभी मवेशी मालिकों को भी सूचित कर मवेशियों को सड़क पर ना छोड़ने के निर्देश देगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई सालों से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में सड़क पर मवेशियों के बैठे रहने की वजह से सड़क हादसे देखने को मिले हैं। जिले में भी हर साल ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां मवेशियों की वजह से हादसे हुए हैं। ऐसे में अब हाईकोर्ट के निर्देश बाद प्रदेश शासन ने सभी जिलों में सख्ती बरतने के आदेश दिए हैं। जिसके तहत ही अब जिले में भी केवल नाम की कार्रवाई करने की जगह सख्त एक्शन लेने के मूड़ में प्रशासन आ गया है। बताया गया कि जिला कलेक्टर सहित सभी आला अफसरों की एक बैठक में इसको लेकर एक प्लान तैयार किया जाएगा।



### हर दूसरी सड़क पर मवेशी

शहर में बाजार इलाकों से लेकर रहवासी इलाकों तक हर दूसरी सड़क पर मवेशियों की मौजूदगी देखने को मिल जाएगी। खासकर नंदई चौक, नंदई से गंज लाइन आने वाला मार्ग, सिविल लाइन से बल्देवबाग जाने वाला मार्ग, गौरवपथ, इंदिरानगर चौक, भरकापारा, लखोली चौक, टांकापारा के समीप नेश्नल हाईवे में दर्जनों की संख्या में मवेशी सड़क पर बैठे मिल जाएंगे। चिंताजनक बात यह है कि इन इलाकों में कई दफा हादसे हो चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी मवेशी नहीं हटाए जा रहे हैं।

### 50 हजार तक जुर्माना, जेल भी

हाईकोर्ट की सख्ती के बाद अब प्रदेश के अलग-अलग जिलों में प्रशासन ने कड़ाई अपनाने के लिए कठोर एक्शन लेना शुरू कर दिया है, जहां बिलासपुर में जेल तक की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं दुर्ग जिले में 50 हजार रुपए का जुर्माना तय किया गया है। ऐसे में धमतरी, महासमुंद और रायपुर जैसे जिलों में भी कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

### दो दशक पहले बना गोकुल नगर

शहर में मवेशियों की बढ़ती संख्या और उससे होती समस्या को देखते हुए ही दो दशक पहले वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रदेश सरकार एवं निगम महापौर ने डोंगरगांव रोड पर एक गोकुल नगर बसाया था, तब शहर के लगभग सभी गौ पालकों को स्थान दिया गया था। सभी गौ-पालकों ने वहां जमीन तो ले ली, लेकिन मवेशियों को शहर से बाहर नहीं लेकर गए। आज भी गोकुल नगर में जमीन लेने वाले गौ-पालक शहर में मवेशी रखकर अपनी डेयरी चला रहे हैं। यही कारण है कि शहर की सड़कों पर मवेशी देखने को मिल रहे हैं।

# बुजुर्गों के चेहरे पर दिखी तीर्थस्थल जाने की खुशी, स्टेशन में गूंजा जय श्रीराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रामलला और काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन को विस अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी



श्री रामलला और काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए तीर्थयात्रा स्पेशल ट्रेन आज शहर के रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। इस स्पेशल ट्रेन को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस्तर और दुर्ग संभाग के लिए पहली बार अयोध्या तीर्थ स्पेशल ट्रेन राजनांदगांव से बनकर रवाना हुई। इस दौरान रेलवे स्टेशन में साज-सज्जा की गई थी। वहीं बाजे-गाजे के साथ तीर्थयात्रियों को रवाना किया गया।

छत्तीसगढ़ शासन की श्री रामलला अयोध्या धाम योजना के तहत पर्यटन मंडल के सहयोग से स्पेशल ट्रेन रवाना हुई है। दुर्ग और बस्तर संभाग के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से आयोजित हुई इस यात्रा में बस्तर, मानपुर-मोहला-चौकी, खैरागढ़, बेमेतरा, बालोद, कवर्धा और राजनांदगांव जिले से तीर्थयात्री शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्ग विधायक राजेन्द्र यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सुरेश एच. लाल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, रामजी भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### यात्रियों का स्वागत

राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में इस विशेष ट्रेन से जाने वाले तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए रेड कारपेट बिछाया गया था। ट्रेन को फूलों से सजाया गया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तीर्थयात्रियों के पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों द्वारा उन पर पुष्प वर्षा की गई।

### यात्रा का स्वप्न पूरा

काशी और अयोध्या यात्रा को लेकर बुजुर्ग तीर्थयात्रियों में खासा उत्साह नजर आया। सुंदरा के तीर्थयात्री कमल राम साहू ने कहा कि वह पहली बार अयोध्या धाम जा रहे हैं। जिसकी उसमें काफी खुशी है। इसी तरह ट्रेन में अन्य बुजुर्गों ने भी तीर्थयात्रा योजना की सराहना करते कहा कि यह स्वप्न पूरा होने जैसा है।

### ट्रेन के भीतर तीर्थयात्रियों से मुलाकात

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ट्रेन के भीतर पहुंचकर तीर्थयात्रियों से मुलाकात की। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जीवन में यह इच्छा रहती है कि एक बार काशी विश्वनाथ के दर्शन हो जाए, यह इच्छा भी लोगों की पूरी हो रही है। त्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया कि बस्तर और दुर्ग संभाग के लिए राजनांदगांव से पहली बार स्पेशल तीर्थयात्रा ट्रेन बनकर रवाना हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रवण कुमार बनकर प्रदेश के लोगों को तीर्थ करा रहे हैं। इस वर्ष की यह चौथी यात्रा है। जनवरी तक अलग-अलग संभाग से ट्रेन रवाना होगी। उन्होंने कहा कि एक संभाग से पांच बार ट्रेन चलेगी। राजनांदगांव से चार बार और ट्रेन रवाना होगी। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और रेल मंत्री का आभार जताया है।

# राखी बाजार में लोगों की भीड़



**राजनांदगांव।** भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को लेकर हर्षोल्लास का माहौल है। पर्व को मनाने की तैयारियों में जहां लोग जुटे हुए हैं। वहीं बाजार में सजी राखियों की दुकानों में चहल-पहल बनी हुई है। त्यौहार के चलते शहरी सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार में इन दिनों रौनक बनी हुई है।

ज्ञात हो कि अगस्त माह में लगातार पर्वों का क्रम है। जिसके तहत 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व है। शहर सहित ग्रामीण इलाकों के बाजार सहित चौक-चौराहों व विभिन्न स्थानों पर राखियों की दुकानें लगभग पंद्रह दिन पूर्व से ही सज चुकी है। राखी व्यवसायियों ने बताया कि इस वर्ष एक से बढ़कर एक राखियां बाजार में उपलब्ध है। जिसमें रेशम की डोरी, फैंसी डोरी, लूंबा, जरी, एडी के अलावा कई प्रकार के कार्टून बनी राखियां उपलबध है। लोगों के बीच फैंसी एवं एडी राखियों की मांग अधिक है। बच्चों के बीच कार्टून बनी राखियों की सर्वाधिक मांग है।

# तालाब में डूबने से एक बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में लगातार मासूम बच्चों के तालाब में डूबने से मौत की खबरें झकझोर के रख दिया है। आज दोपहर 2 बजे के लगभग बांधाबाजार में ढाई वर्षीय बच्ची खेलते हुए लबालब भरे तालाब में समा गई। बीते तीन दिनों के भीतर अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र में मासूमों के तालाब में मौत की दूसरी घटना है। अब तक 4 बच्चों की मौत हो चुकी है।

अं. चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपाहरी गांव में तीन मासूम दोस्तों की तालाब में डूबने से हुई मौत के बाद आज तीसरे दिन बांधाबाजार में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 3 वर्षीय मासूम जानवी की तालाब में डूबने से मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार बांधाबाजार निवासी पवन गंधर्व दोपहर 2 बजे के समय अपनी पत्नी के साथ घर के काम में व्यस्त थे। मृतिका जानवी घर में माता-पिता के सामने पालतू कुत्ता के साथ खेल रही थी, तभी अचानक जानवी की मां बाल बनाने के लिए कंघी लाने कमरे के भीतर अंदर गई और उसी दरमियान तालाब के किनारे स्थित घर से निकलकर जानवी तालाब में डूब गई। बताया गया कि घर के सामने ही तालाब है और जानवी खेलते खेलते घर के आगे तालाब में बने पचरी तक कब पहुंच गई, किसी को पता नहीं चला और जानवी पचरी से नीचे तालाब में गिर गई।

### तीन दिनों में डूबने की दूसरी घटना, अब तक चार की मौत



### तीन दिनों में दूसरी घटना

जबकि दो दिन पूर्व ही ग्राम छछानपाहरी में 6 से 7 वर्ष के तीन मासूम दोस्तों की एक साथ तालाब में डूबने से मौत हो गई थी, जिस घटना से पूरा गांव सहित आसपास के क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया था। बांधाबाजार से आज फिर से ऐसी ही घटना सामने आई।

### कुत्ते ने भोंककर किया आगाह

तालाब में गिरने के बाद साथ खेल रहे पालतू कुत्ते ने भौंककर सबको आगाह किया और जानवी को तालाब से निकालकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जानवी को मृत घोषित कर दिया। अपने तीन वर्षिय पुत्री को खो देने से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरा परिवार गमजदा है।

### मामले की जांच

बांधाबाजार में एक मासूम बच्ची के डूबने से मौत का मामला दर्ज किया गया है। मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। - **अश्वनी राठौर**, थाना प्रभारी, अं. चौकी





### रक्षाबंधन पर्व के बाद बेहतर बारिश के बन रहे आसार

# लोकल सिस्टम ही एक्टिव इसलिए मानसून ब्रेक के हालात, पारा 35 डिग्री पार होने से बढ़ी उमस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में पिछले करीब दस दिन से मानसून ब्रेक के हालात निर्मित है। अंचल में मानसून का लोकल सिस्टम ही एक्टिव है। जबकि मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर अरूणाचल प्रदेश में सक्रिय है। यही कारण है कि झड़ी देखने को नहीं मिल रही है। कुछ मिनटों की बौछार को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश समय तेज धूप और उमस ने लोगों को हलाकान किया है।

हालात यह है कि अंचल में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री को पार कर गया है। इससे सेहत पर भी असर देखने को मिल रहा है। वहीं अगले दो से तीन दिन भी बेहतर बारिश की संभावना कम ही जताई गई है। अंचल में रक्षाबंधन के बाद से ही मानसून के दोबारा एक्टिव होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार मानसून एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम विहार से दक्षिण पूर्व बांग्लादेश तक उत्तर गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



### अब तक 553 मिमी बारिश

जिले में अब तक इस मानसून सीजन में 553 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य से 12 फीसदी अधिक है। इनमें डोंगरगढ़ में 674, एलबी नगर में 535, राजनांदगांव में 699, घुमका में 560, छुरिया में 467, कुमरदा में 449 और डोंगरगांव ब्लॉक में 486 मिमी बारिश हुई है। केवल कुमरदा एवं एलबी नगर में ही बारिश का आंकड़ा सामान्य से पीछे है।

### दो दिन बाद आसार

*मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में कल 7 अगस्त को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में 8 और 9 अगस्त को हल्की से मध्यम और व्यापक वर्षा संभावित है।*

### द्रोणिका का क्या असर

*मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जलपाईगुड़ी और उसके बाद उत्तर पूर्व की ओर अरूणाचल प्रदेश, हिमालय की तराई से होकर स्थित है। द्रोणिका का उत्तरी हिस्सा जब बंगाल की खाड़ी में होता है, तब मध्य भारत में बेहतर बारिश देखने को मिलती है, लेकिन इसके हिमालय के तरई में जाने से ब्रेक की स्थिति बन जाती है।*

## खबर संक्षेप

### शिव का किया जलाभिषेक



**मुरमुंदा।** श्री राम भक्त युवा समिति ने सावन के चौथे सोमवार को कावड़ यात्रा निकाला। कांवडियों ने भानपुरी नदी से जल लेकर मुरमुंदा शिव मंदिर में चढ़ाया। यात्रा में 30 कांवड़िए शामिल हुए। जल चढ़ाने के पहले कांवडियों ने ग्राम का भ्रमण किया।

### खड़गांव की गलियां और सड़कें रौशन

**खड़गांव।** पंचायत ने गलियों और सड़कों पर लाइट लगवाया गया जिसके चलते चारों तरफ रोशनी दिख रही है। बीते दिनों पर अंधेरे के कारण आमजनों को बहुत परेशानी हो रही थी। पंचायत द्वारा समस्या का निदान करते हुए लाइट लगवाया। पंच अपने अपने वार्ड में जनसुविधा को देखते हुए लाइट लगवा रहे है। कहीं एलईडी तो कहीं पर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। सरपंच रमिला धुर्वे ने बताया कि पूरे गांव में लाइट लगाया जा रहा है। पंच नरेश ने बताया कि उनके वार्ड पर 50 वाट की एलईडी लाइट लगाया जा रहा है। पंच बिट्टू गुप्ता ने बताया कि एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाया गया है जिसके चलते रोशनी बिखर रही है। व्यापारी संघ और आमजनों ने पंचायत के इस कार्य की जमकर तारीफ की है।

### विजय जैन बने बालोद के जिलाध्यक्ष



**खड़गांव।** छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक टीएस कंवर के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे की अनुशंसा से नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नए प्रभार में बालोद जिला अध्यक्ष विजय जैन मित्तल, जशपुर जिला अध्यक्ष हरि जायसवाल, बलरामपुर अखिलेश साहू, कोरिया प्रभारी एमडी अजेमुदीन अंसारी, शक्ति जिला प्रभारी अमीरचंद्र अग्रवाल, कोंडागांव जिला प्रभारी सिद्धार्थ महाजन, राजनांदगांव जिला प्रभारी उमेश कोठले, कांकेर जिला प्रभारी तपन बोस, बेमेतरा जिला प्रभारी हिमाचल शर्मा, कोरबा जिला प्रभारी अभिषेक तिवारी, बलौदाबाजार जिला प्रभारी थानेश्वर साहू, बस्तर जिला प्रभारी सुमित बाजपेई, धमतरी जिला प्रभारी मोतीराम पटेल और कबीरधाम जिला प्रभारी लोकेश नाग को नियुक्त किया गया है।

### बिजली बिल से सरकार वसूल रही महतारी वंदन की राशि



**छुरिया।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को 1000 रुपए देकर उसे बिजली बिल के जरिए वापस ले रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जनता को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट दी थी, जिससे लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिली थी। भाजपा सरकार ने इस योजना को कमजोर कर केवल 100 यूनिट तक सीमित कर दिया है और बिजली दरों में भी वृद्धि कर दिया है। श्री साहू ने कहा 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा अधूरा अभी तक पूरा नहीं हुआ। उल्टा रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर दिया गया है।

### सीसी रोड का भूमिपूजन



**बांधाबाजार।** ग्राम थैलीटोला में सीसी रोड का भूमि पूजन किया गया। इसके लिए 1.50 लाख की स्वीकृति जनपद निधि से मिली है। भूमिपूजन के मौके पर जनपद सदस्य संदीप मेश्राम, सरपंच योगेश कोड़पे, उपसरपंच धरम पटवा, भागचंद सिन्हा, जयचंद सिन्हा, ललित सिन्हा, लाखन सिन्हा, सोहनराम, पुनाऊराम, राजेश वैद्य, हेमंत मानिकपुरी, नीरज, संतराम सेन आदि उपस्थित थे।

### अग्र अलंकरण सम्मान समारोह 28 को

**डोंगरगढ़।** नवम्-अग्र अलंकरण समारोह आगामी 28 अगस्त को एसएन पैलेस रायपुर में संपन्न होगा। इस अलंकरण समारोह में अग्र समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यों से परचम लहराने वालों को 11 हजार नगद, मोमेंटो और अग्र भूषण, अग्र गौरव, अग्र शिरोमणि आदि उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। आवेदन छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के कार्यालय में आगामी 15 अगस्त तक जमा हो जाना चाहिए।

### अव्यवस्था से सभी लोग परेशान



**घुमका।** कांग्रेस नेता पीयूष दुबे ने बिजली दर में लगातार वृद्धि के बाद पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दी गई छूट को कम करने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि आम जनता और किसानों पहले ही अनियमित बिजली आपूर्ति, दर वृद्धि से हलाकान है और अब सरकार ने मिल रही रियायत में कटौती कर दिया है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में कहा कि खेती किसानी के सीजन में किसान खाद के लिए भटक रहे है जबकि पूर्व में ऐसी किल्लत नहीं थी।समय पर खाद नही मिलने से किसान परेशान हैं। सरकार ने गौठान बंद कर दिया है जिससे घुमन्तु पशुओं से किसान अपनी फसल को बचाने में असमर्थ है। आत्मानंन्द अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में अब तक किताबें नहीं पहुंची है जबकि इसी माह परीक्षा की समय सारिणी घोषित हो गई है। उन्होंने जनविरोधी निर्णय को वापस लेने की मांग की है।

### रक्षाबंधन महोत्सव आज से

**डोंगरगांव।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की दिव्य साधना से अनुप्राणित नवाचार श्री 108 समयसागर महाराज की आज्ञा प्राप्त आर्यिका रत्न श्री 105 आदर्श मति माता जी संघस्थ श्री 105 श्वेतमती माता एवं आर्यिका श्री 105 विदेह मति माता के सान्निध्य में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन कल 7 अगस्त से रखा गया है। कार्यक्रम के तहत कल 7 से 9 अगस्त तक प्रातः 6.30 से 7.30 बजे तक अभिषेक, शांतिधारा, प्रातः 7.30 से 9.30 बजे तक विधान, पूजन एवं मंगल प्रवचन, दोपहर 2.30 से 3.30 बजे तक कक्षा, शाम 7.30 से 8.30 बजे तक आरती, भजन संध्या, विभिन्न रचनात्मक एवं भक्ति-संवेदी प्रतियोगिता, राखी बनाओ व सजाओ प्रतियोगिता होगी। आयोजक श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी, श्री विद्यासमयादर्श चातुर्मास आयोजन समिति है।

## निधन



### पुक्खीबाई चौरड़िया

**डोंगरगढ़।** कंवरलाल चौरडिया एवं पारसमल चौरडिया की माता पुक्खीबाई चौरडिया का 95 वर्ष की आयु में गुरु भगवंतों के सानिध्य में संथारा सहित स्वर्गवास हो गया। जिनकी डोल यात्रा दोपहर 3 बजे निवास स्थल पटेल वार्ड नंबर 17 से निकलकर छीरपानी मुक्तिधाम पहुंची, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

### पूर्व विधायक व नपं अध्यक्ष की अगुवाई में प्रदर्शन

# खाद की किल्लत से परेशान सैकड़ों किसानों ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों ने ब्लाक मुख्यालय में धरना दिया। किसान संघर्ष मोर्चा के आहवान एवं पूर्व विधायक छन्नी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में किसानों ने तहसील कार्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी किसान सभी सोसायटी में खाद मुहैया कराने की मांग कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार विकासखंड की आठ सोसायटी बांधाबाजार, आमाटोला, चिल्हाटी, विचारपुर, छछानपाहरी, कौडीकसा, आतरगांव, एवं अंबागढ चौकी से किसानों को यूरिया एवं डीएपी खाद नहीं मिल रही है। किसान पखवाडे भर से खाद के लिए सोसायटी के चक्कर काट रहे है लेकिन उन्हे खाद की जगह केवल आश्वासन मिल रहा है। नाराज किसानो ने खाद की मांग को लेकर तहसील कार्यालय का घेराव कर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया। किसानों के आंदोलन की अगुवाई पूर्व विधायक छन्नी साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं जिला पंचायत सदस्य शेषश्वरी ध्रुवे ने किया।



#### टला चक्काजाम आंदोलन

किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आंदोलन करने आए कांग्रेस व निर्दलीय नेताओ ने धरना प्रदर्शन के बाद अंबागढ चौकी- राजनांदगांव एवं मोहला मानपुर स्टेट हाईवे में चक्काजाम आंदोलन की तैयारी कर रखा था। अधिकारी द्वारा सभी सोसायटी में 48 घंटे के अंदर डीएपी च यूरिया का खेप पहुंचाने की जानकारी देने पर चक्काजाम स्थगित कर दिया गया।

#### कालाबाजारी रोकने की मांग

खाद की मांग कर रहे किसानों ने जिला प्रशासन से खाद की कालाबाजारी रोकने की मांग की। किसानों ने बताया कि बाजार में डीएपी व यूरिया अधिक दाम पर बेचा जा रहा है। किसानों ने कालाबाजारी करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

#### 48 घंटे का अल्टीमेटम

प्रदर्शनकारियों ने सभी सोसायटियों में दो दिनों में यूरिया एवं डीएपी खाद की आपूर्ति करने की मांग की है। ज्ञापन लेने आए डिप्टी कलेक्टर श्री धुर्वे को पूर्व विधायक श्रीमती साहू एवं नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि सोसायटी से किसानों को यूरिया, डीएपी खाद नहीं मिल रही है। सभी जगह डिमांड के मुकाबले आधा खाद की आपूर्ति की गई है जिससे किसानों को परेशानियों से जूझना पड रहा है। प्रदर्शनकारियों ने 48 घंटे के अंदर खाद नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दिया है।

#### घंटों किया नारेबाजी

किसानो ने करीब ढाई घंटे तक तहसील कार्यालय के सामने धरना देते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान सभा को पूर्व विधायक छन्नी साहू, नपं अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, जिला पंचायत सदस्य शेषश्वरी धुर्वे, पूनमचंद साहू, पन्ना कुंजाम, जसवंत साहू, डेरहा मेश्राम, रामेन्द्र गोआर्य, सौरभ मिलींद, योगेन्द्र रमाटेके ने संबोधित किया। सभी ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी एवं व्यापारी हितैषी बताया। प्रदर्शन में भैयाराम यद्यु, छोटेलाल कटेंगा, राजू नशीने, उदय यादव, शमीमुद्दीन कुरैशी, विनोद डेहरिया, शंकर निषाद, बसंत मंडावी, डिलेन्द्र देवांगन, प्रमोद ठलाल, मोंटी खंडेलवाल, रेहाना बेगम, रिनी पोरेटी, शोभा भोयर, आशा गायकवाड, सुकलाल निषाद, बिसू मंडावी, मन्नी महाराज, लोकदीप बोरकर, विक्की नायक, चंदू निषाद, ललित साहू, जीतलाल चन्द्रवंशी, सुकलाल, सीताराम धनंजय, अतीक कुरैशी, मयाराम कौशिक, रामदास साहू, दुलार विश्वकर्मा, मदन कोमरे, रामू यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# नशेड़ी ने डॉक्टर और नर्सों पर छिड़का खून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव



एक नशेड़ी ने मंगलवार को अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। डॉक्टरों व कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के अलावा अपने शरीर से निकलते खून को छिड़क दिया। सामानों की तोड़फोड़ भी किया। घटना के बाद सहमे अस्पताल स्टॉफ ने थाना पहुंचकर घटना की जानकारी देते हुए त्वरित कार्यवाही के लिए आवेदन दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को उंगली में चोट लगने के बाद नशेड़ी चंद्रभान वैष्णव पिता डब्लूदास वैष्णव निवासी देवरी को 112 की टीम ने अस्पताल में उपचार के लिए छोड़ गई। ड्रेसिंग रूम में मलहम पट्टी होने के बाद युवक बदसलूकी करते हुए बाहर निकला और डॉक्टरों के केबिन जहां बीएमओ रागिनी चन्द्रे मरीजों का इलाज कर रही थी वहां पहुंचकर जख्मी उंगली से पट्टी निकालकर अपना खून डॉक्टर पर छिडक़ने लगा। उसके बाद वह नर्स और लैब में पहुंचा और वहां उपस्थित नर्स और लैब टेक्नीशियन पर भी ब्लड छिड़कने लगा। इस युवक ने कुछ सामानों में तोडफ़ोड़ किया और कुर्सी उठाकर नर्स को मारने की कोशिश की।

### कलेक्टर ने सुनी शिकायत एवं समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टर कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। कलेक्टर भुरे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, विद्युत पोल हटाने, सड़क मरम्मत कराने, अतिक्रमण हटाने, अवैध प्लाटिंग की शिकायत, ऑनलाइन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने, आधार कार्ड में अपडेशन, सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थी।



# शहर में निकाली तिरंगा यात्रा गूंजा भारत माता का जयकारा

### डोंगरगांव से कोकपुर तक गई बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

■ आयोजन में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

नगर में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा ने स्थानीय पुराना बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मेन रोड से होते हुए नगर का भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता के जयकारे की गूंज पूरे नगर में रही। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व केंद्र और राज्य सरकार के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसने सभी को जोड़ा जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के आवाहन पर प्रत्येक गांव और शहर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही हैं।



#### युवाओं ने दिखाया उत्साह

इस दौरान बाइक रैली भी निकाला गया। बाइक में तिरंगा लगाकर लोग भारत माता जय के नारे लगाते हुए कोकपुर तक गए। तिरंगा यात्रा में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जनपद अध्यक्ष रंजिता पड़ौती , सीईओ रोशनी भगत, जिपं सभापति जागृति यद्यु, अंजू त्रिपाठी, रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव, राजा जैन, कोमल साहू, पद्मनी ठाकुर, गायत्री यादव, निर्मला मालेकर, हिना जैन,मनबोधि पटेल, लक्ष्मी सेन, अर्जुनी मंडल अध्यक्ष भुवन साहू, तुमड़ीबोड़ मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, कपिल पडौती, अजय वैष्णव, विजय जैन, योगेश पटेल, दुर्गेश, मनीष साहू, जया टिमेश साहू, विवेक भंडारी, उमेश साहू, वेद कुमार, लोकेश साहू, महेश्वर साहू, रामलाल साहु ,ओपीजैन, मनोज हेमनानी, सरपंच, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक आदि शामिल हुए।

# पुराने हासपिटल के चालू होने की उम्मीद

■ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

जिला चिकित्सा अधिकारी और टीम ने शहर के पुराने सीएससी अस्पताल का निरीक्षण किया।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों भी उपस्थित थे। बता दे शहर के आम जन अस्पताल को अछोली स्थानांतरित करने के बाद से पुराने अस्पताल में चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने की मांग कर रहे है। नवीन अस्पताल के शहर से दूर होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसे देखते हुए भाजपा के प्रतिनिधियों ने गृह मंत्री विजय शर्मा के समक्ष चिकित्सीय सुविधा शहर में मुहैया कराने की मांग किया था। निरीक्षण के बाद माना जा रहा है कि सहवासियों को अच्छी खबर सुनने मिल सकती है। निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, महामंत्री विनय बंसल, विनीत यादव, पार्षद, इंजीनियर आदि उपस्थित थे।



### नामकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

**चिचोला।** पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा ने विगत दिनों सीआईटी कॉलेज के समीप बने चौक का नामकरण नाचा के पुरोधा दाऊ मंदराजी के नाम से करने महापौर मधुसूदन यादव को ज्ञापन सौंपा। मंदराजी नाचा के क्षेत्र के प्रसिद्ध कलाकार थे। उनके नाम से कोई भी चौक-चौराहे के नाम नहीं है। इस अवसर पर पुरवाही के संयोजक ओमप्रकाश साहू, लखन साहू, पवन, हेमलाल सहारे, भागीरथी उपस्थित थे।



# शिशुमंदिर मुसरा में शिशु भारती का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुसरा

सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा में शिशु भारती का गठन चुनाव के माध्यम से किया गया। विद्यालय की शालानायिका शुभांगी लिल्हारे एवं वंदना साहू को बनाया गया है।

इसी कड़ी में अष्टम कक्षा नायक लवन्य दास बंजारे, दूशिका वर्मा, सप्तम में नील साहू, सुमन लिल्हारे, छष्टम में खिलेश साहू, पिंकी वर्मा, पंचम में चंद्रकांत साहू, दीपिका वर्मा, चतुर्थ में नव्या यादव, जागृत साहू, तृतीय में शशांक वैष्णव, ट्रिशा लिल्हारे, द्वितीय में लकी वर्मा, निष्ठा पटेल, प्रथम में आरव वर्मा, युवाणी विश्वकर्मा, उदय में नैतिक कुमार, वंशिका बंजारे, अरुण में रेयांश निषाद एवं सेजल साहू हैं।

अनुशासन प्रमुख नोमेश्वर वर्मा, हिमांशी साहू, प्रार्थना प्रमुख हिमांशी साहू, सौरव वर्मा, योग प्रमुखसौरव रजक, माही वर्मा, चिकित्सा प्रमुख ब्रजराज वैष्णव, भाविका पटेल, विज्ञान प्रमुख गगनदीप वर्मा, डाली साहू, स्वच्छता प्रमुख संध्या साहू, तमन्ना कंवर, पर्यावरण प्रमुख क्षमा वर्मा, नमन देशलहरे, सांस्कृतिक प्रमुख रुद्राणी टेंभूरकर, मनस्वी जोशी, खेल प्रमुख योगेश साहू, देवयानी यादव, भोजन प्रमुख पोनेश साहू, नेहा साहू, शिशु भारती प्रमुख प्रेमलता यादव, लावण्या वर्मा, खोया पाया प्रमुख चिराग बंजारे, एवंत यादव, व्यवस्था प्रमुख दानेश्वर तिवारी को बनाया गया है।

आचार्य व दीदियों को भी दायित्व दिया गया है जिसमें कार्यालय प्रमुख भागवत पटेल, सह प्रमुख अखिलेश वैष्णव, परीक्षा प्रमुख भुखनलाल वर्मा, अनुशासन प्रमुख संतोषी विश्वकर्मा, शिशु वाटिका प्रमुख विद्या वैष्णव, चिकित्सा प्रमुख प्रतिभा पटेल, सांस्कृतिक प्रमुख भानेश्वरी उईके, स्वच्छता प्रमुख डोमेश्वरी पैकरा, केसरी साहू, विज्ञान प्रमुख निधि वर्मा, भोजन प्रमुख यामिनी लिल्हारे एवं व्यवस्था प्रमुख पारथ बंजारे को बनाया गया है। प्रधानाचार्य सुनील पटेल ने शपथ दिलाया।

### घुमका कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों को दी उपयोगी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घुमका

घुमका रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी के निर्देशन में बीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर एवं बुधवार को बीएससी प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर, बीकॉम प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजन अर्चना एवं राजकीय गीत के साथ हुआ। तत्पश्चात प्राचार्य त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान , विशेषता एवं लाभ के बारे में बताया। प्राध्यापक डॉ. रोहन प्रसाद ने विद्यार्थियों को विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान एवं महत्व को रेखांकित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल अधिकारी दीपक वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित मल्टीडिसीप्लीनरी कोर्सेस, वैल्यू एडीसन कोर्सेस, स्कील एनहांसमेंट कोर्सेस एवं एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्सेस की जानकारी दी। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी भारतेन्दू प्रसाद वर्मा ने विभिन्न गतिविधियों , विविध इकाइयों एनएसएस, स्वीप, खेल, ग्रंथालय, रेड रिबन, रेड क्रॉस सहित अन्यइकाईयों की जानकारी दी।



#### संसाधनों का उपयोग करने प्रोत्साहित

तकनीकी सत्र में प्रीति खुरसैल ने विद्यार्थियों को एक्टिव लर्निंग के टिप्स देते हुए आनलाईन प्लेटफॉर्म आदि का प्रयोग करने प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के एंबेसडर उमेश साहू, देवकुमार साहू ने अपने अनुभव साझा किया। सोमकुमारी ने आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. मीरा देवांगन एवं योगिता बंजारे ने किया। इस मौके पर देवानंद बंधे, नीतू देवांगन, जयप्रकाश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### बिजली छूट कम करना जनहित में नहीं



**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत प्रतिनिधि विजय वर्मा ने बिजली बिल की यूनिट छूट कम करने पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि सरकार का यह फैसला लोगों के हित में नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार ने सभी घरेलू बिजली उपभोक्ता को 4 सौ यूनिट तक बिल हाफ कर बड़ी राहत दिया था। सरकार ने इसमें कटौती कर सौ यूनिट तक लाभ देने का फैसला किया है, जो तर्क संगत नहीं है। सरकार एक तरफ बिजली की दर में बढ़ोतरी किया है। वहीं दूसरी तरफ छूट को कम कर दिया है। जिससे आम लोगों को दोहरा बार पड़ रहा है। सामान्य घरों में सौ से चार सौ यूनिट तक का मासिक खपत होती है जिन्हें बिल हाफ की श्रेणी से बाहर रखना जनहित में नहीं है। वर्मा ने कहा कि सरकार दैनिक उपयोगी वस्तुओं के बढ़ते दाम के समय लोगों को राहत देने की बजाए और आर्थिक भार डाल कर लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर कर रही है।

### बुचीभरदा में बाल कैबिनेट गठित




**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला बुचीभरदा संकुल सुरगी में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों को प्रधान पाठक राकेश सोनी ने शपथ ग्रहण करवाया। शासकीय प्राथमिक शाला बुचीभरदा में प्रधानमंत्री भाविका साहू, उप प्रधानमंत्री मिथलेश साहू, शिक्षामंत्री प्रियंका साहू, खेल एवं संस्कृति मंत्री एकता साहू, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री यमन कुमार निषाद, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री यश पटेल, जनसंपर्क मंत्री जानवी निषाद, खाद्य मंत्री महिमा साहू को चुना गया। इसी प्रकार कक्षा पहिली से कक्षा नायक मोहित निषाद, उप कक्षा नायक चंचल निषाद, दूसरी से कक्षा नायक तुशिका साहू, उप कक्षा नायक हिमांशु कुमार साहू, तीसरी से कक्षा नायक देवेन्द्र साहू, उप कक्षा नायक लक्ष्य पटेल, चौथी से कक्षा नायक हेमप्रिया साहू, उप कक्षा नायक चंद्रप्रभा साहू तथा पांचवीं से कक्षा नायक तुलदास निषाद, उप कक्षा नायक पूनम पटेल का निर्वाचन किया गया। बाल कैबिनेट के निर्वाचन, गठन और शपथ ग्रहण के पश्चात प्रधान पाठक राकेश सोनी, सहायक शिक्षिका लेमत भुआर्य ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को उनके नए दायित्वों के बारे में बताया और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

### अलंकरण समारोह 28 को

**डोंगरगढ़।** नवम अग्र अलंकरण समारोह आगामी 28 अगस्त को एसएन लेस रायपुर में संपन्न होगा। इस अग्र अलंकरण समारोह में अग्र समाज के विभिन्न क्षेत्रों में परचम लहराने वाली शख्सियत को 11 हजार नगद, मोमेंटो और अग्र भूषण, अग्र गौरव, अग्र शिरोमणि आदि उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

## कृषि विभाग हुआ लापरवाह, नियम का पालन नहीं

# खाद-बीज की अवैध दुकानों पर नहीं हो रही कार्रवाई

### क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र के किसानों की चिंता दुकानों में अवैध खाद-बीज और कीटनाशक दवाइयों की बिक्री ने बढ़ा दी है। शिकायत मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने कुछ स्थानों पर छापामार कार्यवाही किया। कुछ दुकानों में नियम का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।

खेती कार्य शुरू होने के साथ ही जिले में अवैध रूप से खाद बीज का विक्रय और कीटनाशक की बिक्री करने की शिकायतें मिलने लगी है। कृषि विभाग द्वारा निर्धारित मूल्य पर कृषि सामग्री एवं बीज, उर्वरक तथा कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। नियम का उल्लंघन करने पर कुछ फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई करने की खबर भी है। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा छुईखदान शहर एवं आसपास की कुछ दुकान का निरीक्षण किया गया, लेकिन यहां पर बिना प्रमाण पत्र के धान बीज कीटनाशक की बिक्री करने वालों पर कार्रवाई नहीं किया गया है जिसके कारण कृषि विभाग से लोगों का भरोसा उठने लगा है।



#### कांग्रेस ने की थी कार्रवाई की मांग

क्षेत्र में अवैध तरीके से विक्रय किए जा रहे दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाही की मांग कांग्रेस ने की थी। जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला युवक कांग्रेस के नेतृत्व में बीज और कीटनाशक की कालाबाजारी की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई थी।

#### विकासखंड में 218 दुकानें

विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक छुईखदान विकासखंड अंतर्गत 218 कृषि दुकानें हैं। इन दुकानों में किसानों को आकर्षित करने के लिए अधिक से अधिक बीज और खाद का स्टाक किया गया है। इन दुकानों से सेंपल लिए जा रहे हैं, लेकिन जिस प्रकार से कुछ स्थानों पर अवैध रूप से बीज और कीटनाशक दवाई का विक्रय किए जाने की शिकायतें सामने आई है, उससे अधिकारियों के नींद उड़ गई है।

#### बिना लाईसेंस बिक रही दवाएं

क्षेत्र की दुकानों में बगैर लायसेंस के बीज और कीटनाशक बेचने की जानकारी मिली है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण स्तर पर दवाई की सप्लाई हो रही है जिसे लेकर विभाग मौन है। इन दुकानदारों के पास न जीएसटी नंबर है और न कोई वैध दस्तावेज है। सवाल यह है कि दवाई विक्रेता इन्हें बीज कीटनाशक की आपूर्ति कैसे कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार जिले के अंदर ही संचालित बीज और कीटनाशक केंद्र की दुकानों से सप्लाई हो रहा है जिससे लाखों के टैक्स का नुकसान होने की संभावना है।

# दो दुकानों से 17 हजार की चोरी

### थाना से महज 300 मीटर की दूरी पर घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया




गंडई नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित जायसवाल कॉम्प्लेक्स में अज्ञात चोरों ने दो दुकानों का ताला तोड़कर लगभग 17 हजार की चोरी कर ली। यह घटना गंडई थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार 5 अगस्त की रात जायसवाल कॉम्प्लेक्स के दुकान मालिक अपनी दुकानें बंद कर घर चले गए थे। 6 अगस्त सुबह जब कुछ लोगों ने देखा कि दो दुकान कृषि कल्याण केंद्र और जीके इलेकक के शटर के ताले टूटे हुए हैं, तो उन्होंने तुरंत चाल मालिक, दुकान मालिकों और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू किया और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाला। फुटेज में सामने आया कि चोर ने सबसे पहले बाहर लगी लाइटों का कनेक्शन काटा और फिर कृषि कल्याण केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे को निशाना बनाया। इस कैमरे में रात 12 बजे तक का ही फुटेज मिला है। वहीं जीके इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सीसीटीवी फुटेज में एक अज्ञात चोर सुबह लगभग 3 बजे दुकान से बाहर निकलते दिख रहा है। चोर ने अपनी पहचान छिपाने के लिए चेहरे को गमछे से ढक रखा था। चोर ने कृषि कल्याण केंद्र से 16 हजार और जीके इलेक्ट्रॉनिक दुकान से लगभग 1 हजार रुपए की चोरी की।

#### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। गंडई में पहले भी दर्जनों चोरियां हो चुकी हैं, जिसमें से कई मामले अब भी अनसुलझे हैं। इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली और नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना है कि अज्ञात चोर तक गंडई पुलिस पहुंच पाती है या नहीं।

### चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र को पुस्तकें भेंट



**राजनांदगांव।** श्री चक्रधर कत्थक कल्याण केंद्र को छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग (छग शासन) रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ी कला/साहित्य से संबंधित पुस्तकें भेंट की गई। ज्ञात हो कि इससे पूर्व छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा द्वारा छत्तीसगढ़ी साहित्य से संबंधित पुस्तकें दिग्विजय कॉलेज, कमला कॉलेज सहित जिला ग्रंथालय को भी प्रदत्त की गई है। इस दौरान तुषार सिन्हा, गीतांजलि सिन्हा व बड़ी संख्या संगीत/कला के विद्यार्थीगण उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी तुषार सिन्हा ने दी।

# जिला ठेकेदार संघ के सीजी का हुआ गठन

- संरक्षक पद पर तरुण सिंह, श्याम पाल, मनीष अग्रवाल और प्रकाश सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला ठेकेदार संघ के सीजी (कोर ग्रुप) का गठन कर दिया गया है। इस अवसर पर संगठन को सुदृढ़ करने और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर सदस्यों की नियुक्ति की गई। जिला अध्यक्ष संजय महोबिया ने जिला ठेकेदार संघ की बैठक उपरांत किया गठन।

जिला ठेकेदार संघ के लिए कमेटी में सबसे पहले संरक्षक पद की जिम्मेदारी तरुण सिंह मिक्की दादा, श्याम पाल, मनीष अग्रवाल और प्रकाश सिंह को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर शिवा सिंह को नियुक्त किया गया है।



#### अयाश सिंह बोनी बने उपाध्यक्ष

जिला ठेकेदार संघ में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी अयाश सिंह बोनी, अभिजीत, विश्वनाथ ताम्रकार और दद्दू तिवारी को बनाया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में सुदीप श्रीवास्तव और महेंद्र सिंह को चुना गया है, जो संघ की गतिविधियों और सूचनाओं को मीडिया तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिला संघ में सचिव अमन तिवारी, अनिमेष सिंह, तनय क्षत्रिय, राजू लाल देवांगन एवं सह सचिव सम्यक जैन किशन यादव, भानुपाल, धनीपाल, संजय साहू बनाए गए। जिला कार्यकारिणी सदस्य सिद्धार्थ डड़सेना, अमित चंद्राकर, सतीश साहू, महेंद्र जायसवाल, सलीम मेमन, हरजीत सिंह, अनीश सिंह, रुद्रशार सिंह को रखा गया है। नवगठित समिति के सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और ठेकेदारों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने की प्रतिबद्धता जताई है।

### विधि महाविद्यालय में तीन कक्षों का लोकार्पण



**राजनांदगांव।** पंडित किशोरीलाल विधि महाविद्यालय में बीते दिनों छात्रोपयोगी मूट कोर्ट सहित सेमिनार हॉल तथा नांदगांव शिक्षा मंडल कार्यालय का लोकार्पण किया गया। नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष ने मूट कोर्ट, सचिव अनिल ने सेमिनार हॉल तथा वरिष्ठ सदस्य नंद कुमार अग्रवाल ने शिक्षा मंडल कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधि महाविद्यालय में नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में छात्रों के लिए प्रायोगिक उद्देश्य को पूरा करने मूट कोर्ट का उद्घाटन किया गया। साथ ही विभिन्न अवसर पर होने वाले आयोजनों के लिए सेमिनार हॉल का भी लोकार्पण किया गया। विधि महाविद्यालय की संचालन संस्था नांदगांव शिक्षा मंडल के कार्यालय का भी औपचारिक उद्घाटन किया गया।

# रक्षाबंधन की रौनक, बाज़ार में सजीं राखियों की दुकानें



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन को लेकर गंडई नगर में उत्साह का माहौल है। मुख्य बाज़ार, ए मार्केट में राखियों की दुकानें सज चुकी हैं, जहां तरह-तरह की खूबसूरत राखियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।

रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त, शनिवार को मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां ज़ोरों पर हैं। पर्व की तैयारी के लिए लोग बाज़ार में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। दिन भर बाज़ार में लोगों की काफी चहल-पहल देखने को मिल रही है। बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी अपनी पसंद की राखी और उपहार खरीदने में लगे हुए हैं।

#### यातायात व्यवस्था पर ध्यान

चूंकि यह बाज़ार का मुख्य चौराहा है, इसलिए यहां लोगों की आवाजाही काफी ज़्यादा होती है। इसे देखते हुए नगर पंचायत गंडई का राजस्व विभाग लगातार स्थिति का जायज़ा ले रहा है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। मनाया जाएगा।

# तिरंगा यात्रा मंडल संयोजकों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा द्वारा मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा शुरू की जा रही है एवं घर-घर तिरंगा लगाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए तिरंगा यात्रा के संयोजक मूलचंद लोधी ने जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से मंडल संयोजक एवं दो सह-संयोजकों की नियुक्ति की है।

जिसके अनुसार घुमका मंडल के संयोजक अक्षय छत्रिय एवं सह-संयोजक गोविंदा सेन व शांति निर्मलकर बनाए गए हैं। तिलई मंडल के संयोजक मोहन साहू एवं सह-संयोजक हेमंत लहरे व सुनंदा मैथिली छत्रिय बनाई गई हैं।

डोंगरगढ़ शहर के संयोजक विनीत यादव एवं सह-संयोजक हरीश मोटघरे एवं वस्त्सला श्रीवास्तव, डोंगरगढ़ ग्रामीण के संयोजक हेम कुमार साहू, बिंदाबाई वर्मा व हरदेव वर्मा, मुसरा-मुरमुंदा के संयोजक पप्पू देवांगन एवं सह-संयोजक धर्मेंद्र वर्मा व गायत्री टेम्भुरकर, तुमडीबोड मंडल के संयोजक जीवन पटेल तथा लोकेश वर्मा व निर्मला शांडिल्य बनाए गए।

इसी तरह छुरिया मंडल के संयोजक अशोक मरकाम व सह-संयोजक हितेश गुप्ता व भानभाई मांडवी, गैंदाटोला मंडल के संयोजक कुमार साय साहू एवं सह-संयोजक यश कुमार सिन्हा, श्रीमती कीर्ति गंगासागर को जिम्मेदारी दी गई है। राजनांदगांव उत्तर के संयोजक राजकमल ध्रुव एवं सह-संयोजक कबीर साहू व प्रेमा सोनकर, राजनांदगांव दक्षिण के संयोजक रवि साहू एवं सह-संयोजक सुरेश साहू व श्रीमती रेवती साहू, राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व गोविंद देवांगन को संयोजक एवं सह-संयोजक बुद्धेश्वर साहू व उतराबाई तमस्कर, राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम के संयोजक पुनीत साहू एवं सह-संयोजक मुकेश साहू व अनामिका यादव को बनाया गया है।

#### कुमर्दा के लिए मुकेश बने संयोजक

तिरंगा यात्रा की तैयारी के लिए को कुमरदा के लिए संयोजक मुकेश साहू एवं सह-संयोजक ओके साहू एवं चित्रलेखा साहू, अर्जुनी मंडल किशोर यादव संयोजक एवं भाविश निक्की व रेशमा साहू सह-संयोजक बनाए गए हैं। लाल बहादुर नगर के संयोजक उपकार सिंह बघेल एवं सह-संयोजक चंद्रप्रकाश देशमुख, गोदावरी निषाद व पुष्पा सिन्हा को बनाया गया है। डोंगरगांव मंडल के संयोजक संतोष यादव एवं सह-संयोजक दिप्ती ठाकुर व वीरेंद्र साहू को बनाया गया है। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री राजेंद्र गोलछा, सौरभ कोठारी एवं रविंद्र वैष्णव ने सभी मंडल संयोजकों को राष्ट्रीय महत्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन तिरंगा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के घर में तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान भी किया है।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को पुष्पांजलि

### सैनिकों का बलिदान आने वाले पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बना रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांफ्लुएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक्सटेंशन गतिविधि के अंतर्गत भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर योद्धाओं के साहस और बलिदान को नमन गौरव स्थल पर किया गया। पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे, संगठन महामंत्री रायपुर पवन सहाय, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित कारगिल युद्ध में शामिल जिले में निवास रथ सैनिकों की उपस्थित रही।



प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि कारगिल युद्ध भारतीयों की वीरता का गवाह है। 18000 फीट ऊंचाई पर लड़े गए इस युद्ध में मौत का सामना करते भारतीय जवानों ने कारगिल की पहाड़ियों पर विजय हासिल किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि देश के सैनिक हमारे असली हीरो हैं। महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल स्मरण का अवसर नहीं है, यह मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वालों की विरासत का सम्मान करने का संकल्प है। गौरव स्थल पर बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, स्कूली छात्र, सामाजिक संगठन, गणमान्य नागरिकों सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एनसीसी के विद्यार्थियों ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया।

#### आंखो देखा हाल किया साझा

मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने कहा कि यह कोई विशाल रेगिस्तान या लहरदार मैदानों में लड़ा जाने वाला युद्ध नहीं था, बल्कि उन अनुकुली चोटियों पर लड़ा जा रहा था। तापमान असहनीय था और जमीन का एक-एक इंच हिस्सा खून की कीमत पर हासिल किया जा रहा था, यह कारगिल युद्ध था, एक सैन्य अभियान से कहीं ज्यादा या विश्वास जनता और बलिदान की परीक्षा थी। युद्ध का आंखों देखा हाल बहुत पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेश शर्मा एवं जॉन लिविंग स्टोन ने साझा किया। उन्होंने बताया कि कारगिल की लड़ाई में सुरक्षा के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल दिया है।

## हेड ब्वाय एवं हेड गर्ल का चुनाव कराया गया

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल में इंवेस्टिचर सेरेमनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल बल्देवबाग में गत 26 जुलाई को इंवेस्टिचर सेरेमनी अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्कूल संचालक नीरज बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की गई।

उक्त सेरेमनी 2025-26 का मुख्य उद्देश्य स्कूल के हेड बाय एवं हेड गर्ल का शाला में चुनाव कराने पश्चात निर्वाचित छात्र-छात्राओं को छात्र परिषद के प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारी एवं महत्वपूर्ण भूमिकाएं, पदनाम और उनके अधिकार प्रदान किया जाना था।




उक्त अवसर पर हेड बाय मौलिक पारधी, असि. हेड बाय त्रियांश राज एवं हेड गर्ल अक्षिता बोरकर, असि. हेड गर्ल कशिश टेम्बुलकर सहित हाउसवार टोपाज, क्रिसोलाइट, रूबी, सफायर इन चारों हाउस के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराया गया तथा हाउसवार मार्चपास्ट करते सलामी दी गई। इस दौरान मनमोहक प्रस्तुति देने के साथ ही छात्र-छात्राओं को उनकी जिम्मेदारी सौंपी गई।

#### चयन उत्कृष्टता का प्रमाण

इस अवसर पर श्री बाजपेयी ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते कहा कि आपका चयन आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है कि आपको यह मुख्य जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि यह नेतृत्व, उपाधि या पदों के बारे में नहीं है, बल्कि सकारात्मक प्रभाव डालने और दूसरों को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने का एक माध्यम है। साथ ही छात्र अपने पढ़ाई द्वारा ही अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर स्कूल ही नहीं माता-पिता एवं परिवार सहित जिले, राज्य एवं देश का नाम भी रोशन करेंगे। इस अवसर पर एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल के डॉयरेक्टर सोनल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य आरती पिल्लई सहित स्कूल के शिक्षकगण व स्टाफ उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

# तिलईरवार स्कूल में मनाई गई जयंती



**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में 31 जुलाई को निबंधकार, साहित्यकार, कहानीकार, उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती गौरव और उत्सव के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं मुंशी प्रेमचंद के तैलचित्र पर समस्त स्टॉफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पूजा-अर्चना कर आरंभ किया गया। कार्यक्रम प्रभारी थंगेश्वर साहू ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन परिचय के ऊपर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि प्रेमचंद को उपन्यास सम्राट के रूप में जाना जाता है। उनकी रचनाएं आज भी प्रासंगिक है और हिंदी साहित्य में उनका स्थान बहुत ऊंचा है।

व्याख्याता अनुराधा ढोक ने बताया कि मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं में सामाजिक समस्याओं खासकर किसानों और गरीबों की दुर्दशा का चित्रण है। उनकी कई उपन्यास, कहानी, नाटक और निबंध के बारे में जानकारी दिए। इसी कड़ी में हिंदी विषय की व्याख्याता सरोज भुआर्य ने मुंशी प्रेमचंद के जीवनी, लेखन व साहित्य में योगदान, सामाजिक चेतना आदि के बारे में विस्तारपूर्वक व्याख्या कर जानकारी दी।

इसी कड़ी में कक्षा 10वीं एवं कक्षा 11वीं से दिव्या, काजल, वेदवती, वैशाली पाल, जैस्मिन आदि छात्र-छात्राओं ने मुंशी प्रेमचंद के बारे में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अनुराधा ढोक, सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, थंगेश्वर साहू, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालकराम वर्मा, नोहरदास लिलहारे, हरिचंद यादव, आशीष मसीह, रीचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर साहू एवं आभार प्रदर्शन नोहरदास लिलहारे ने किया।

## सार समाचार

### विस अध्यक्ष रमन ने पारीकला में किया पौधरोपण



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 6 अगस्त को राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पारीकला में रोड किनारे कदम का पौधा लगाया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पारीकला के सड़क के दोनों किनारों में लगभग 300 पौधे लगाने की कार्ययोजना बनाई गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, लीड बैंक मैनेजर मुनिष शर्मा, सरपंच कामनी आम्बिलकर, पंच सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### हुल्लड करते 4 आरोपी पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** मोहल्ले में हो-हुडदंग करने के मामले में पुलिस ने चार अनावेदक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्रांतर्गत अंतर्गत 6 अगस्त को निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर थाना क्षेत्रांतर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक हिमेन्द्र मंडावी 18 साल निवासी कौरिनभांठा, रत्नेश उर्फ राहुल सिंह ठाकुर 25 साल निवासी ब्राम्हणपारा दुर्गा चौक, मोनू यादव 25 साल इंदिरा नगर एवं रूपेश उर्फ मोनू गेंड्रे 32 साल निवासी कुंआ चौक नंदई को गिरफ्तार कर चारो अनावेदकगणों के विरूद्व धारा 170, 126,135(3) बीनएसएसएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदकों को माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड वितरण

**राजनांदगांव।** भाजपा उत्तर मंडल द्वारा वार्ड नं. 09 शंकरपुर में 70 प्लस के वृद्धजनों को आयुष्मान कार्ड वितरण उत्तर मंडल भाजपा अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया के हाथों किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, महामंत्रीद्वय चंद्रभान जंघेल, विनोद भारती, साकेत वैष्णव, समीर श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।



### अभिलाषा का कार्य सराहनीय : मरडवार

**राजनांदगांव।** नगर में संचालित दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह-पुनर्वास संस्थान अभिलाषा में जिले में नवपदस्थ उपसंचालक वैशाली मरडवार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान संस्था के वरिष्ठ संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य वंदना तुरहाते, शिक्षकगण व कर्मचारी शामिल थे। उपसंचालक ने कक्षा में पढ़ाई कर रहे बच्चों से भेंट कर शिक्षा गुणवत्ता का अवलोकन करते अध्यापन व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने रसोई व छात्रावास का अवलोकन करते स्वच्छता सहित संपूर्ण व्यवस्था की सराहना की। श्रीमती मरडवार ने कहा कि कोई भी दिव्यांग शिक्षा, स्वास्थ से वंचित न रहे। हमारा मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। अधिक से अधिक दिव्यांगजन रोजगार से जुड़े, आत्मनिर्भर बने और आत्मसम्मान की जिंदगी जी सके।



### कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर साथियों ने दी बिदाई

**राजनांदगांव।** शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय के वरिष्ठ कर्मचारी जयशंकर श्रीवास्तव अपनी अधिवार्षिकी सेवा अवधि पूर्ण कर 31 जुलाई को शासकीय सेवा से निवृत्त हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग संभाग के अध्यक्ष आनंद कुमार श्रीवास्तव ने उक्ताशय की जानकारी देते बताया कि मुद्रणालय के सभी कर्मचारी साथियों ने अपनी परंपरा का निर्वाह करते बिदाई कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत्त साथी को भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त कर्मचारी जयशंकर श्रीवास्तव का गुलाल से तिलक कर मुख्य लिपिक अनिता राऊत ने शाल व श्रीफल भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। साथियों की ओर से यात्री बैग, स्टील पानी की टंकी, दीवार घड़ी, स्मृति चिन्ह, अभिनंदन पत्र आदि उपहार भेंट किया गया।



### धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस




**राजनांदगांव।** पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र सुरगी में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रमुख अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन की अध्यक्षता में एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पं. शिवकुमार शास्त्री के पौत्र दिवाकर बाजपेई व विशिष्ट अतिथि कृषि महाविद्यालय नारायणपुर के अधिष्ठाता डॉ. रत्ना नसीने एवं कृषि महाविद्यालय साजा बेमेतरा के अधिष्ठाता डॉ. ललित रामटेके की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न परंपरागत खेल प्रतिस्पर्धाओं जैसे कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, जलेबी दौड़, सुई धागा दौड़ इत्यादि के माध्यम से हुआ। साथ ही रंगोली मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, रंगारंग विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम का आगाज हुआ। मुख्य अतिथि दिवाकर बाजपेई ने अपने उद्बोधन में पं. शिव कुमार शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं सभी को उनके पदचिन्हों पर अनुशरण करने को कहा। मंच संचालन डॉ. पूजा साहू एवं आभार व्यक्त डॉ. शिवाजी लिमजे द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को अंत में मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया।

## गांवों में जबर्दस्त आक्रोश की स्थिति, आंदोलन के बाद मिला आश्वासन

# डीएपी और यूरिया खाद संकट से नाराज किसानों ने किया तीन घंटे तक चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

खेती-किसानी के सीजन में खाद संकट के हालात निर्मित होने से नाराज किसान अब सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर हो रहे हैं। डोंगरगढ़ ब्लाक के ग्राम ढारा के किसानों ने बुधवार को डोंगरगढ़ से खैरागढ़ मुख्य मार्ग में कई घंटे चक्काजाम कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

उल्लेखनीय है कि इस साल सोसायटियों में डीएपी खाद की कमी के कारण किसानों को महंगे दामों पर निजी दुकानों से इसकी खरीदी करनी पड़ रही है। सोसायटी में खाद उपलब्ध नहीं होने से नाराज सैकड़ों किसानों ने आज डोंगरगढ़ से खैरागढ़ स्टेट हाईवे में तीन घंटे तक चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पहुंचे पुलिस और जिला प्रशासन के अफसरों ने किसानों को समझाने की कोशिश की, लेकिन उनका साफ तौर पर कहना था कि जब तक खाद की सप्लाई नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। सहकारिता समिति से जुड़े अधिकारियों की समझाईस के बाद किसानों ने अपना चक्काजाम समाप्त किया।



#### आज पहुंचेगी डीएपी खाद

वहीं किसानों की माने तो ढारा सोसायटी में यूरिया खाद की मांग की गई, लेकिन पिछले लंबे समय से किसानों को यूरिया खाद नहीं मिल रही है। किसानों के मांग के अनुसार उनको खाद की पूर्ति नहीं हो रही है। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि कल खाद प्रदान किया जाएगा। किसानों को खाद प्रदान नहीं किया गया तो किसानों ने चेतावनी देते कहा कि फिर से प्रदर्शन-चक्काजाम किया जाएगा।

#### 266 रुपए का यूरिया एक हजार में बेच रहे दुकानदार

सूत्रों की माने तो डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत सभी निजी कृषि केंद्रों एवं बीज दुकानों में भारी संख्या में खाद रखा हुआ है। किसानों को 266 रुपए की यूरिया खाद की बोरी 1000 रुपए की कीमत, 1800 रुपए की डीएपी खाद की बोरी 2500 रुपए में बेची जा रही है। इतना ही नहीं निजी दुकानों में खाद बिक्री के लिए फिंगर प्रिंट (बायोमेट्रिक) लेकर देना होता है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं, सीधे खाद की कालाबाजारी किया जा रहा है।

### सुहाने यादें आज

**राजनांदगांव।** नगर के संगीत प्रेमियों की संस्था संगीत सरिता द्वारा आज संध्या 7 बजे से गौरवपथ स्थित स्व. गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में सदाबहार गीतों के कार्यक्रम सुहानी यादें का संगीतमय आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में हिन्दी फिल्मों के महान पार्श्व गायक-गायिकाओं के यादगार व चुनिंदा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति नगर के वरिष्ठ तथा नवोदित युवा कलाकारों द्वारा दी जाएगी।

नगर के संगीत प्रेमियों के लिए होने वाले इस निःशुल्क कार्यक्रम का आयोजन महापौर मधुसूदन यादव, नगर की सुप्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था गायत्री गुरूकुल तथा अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के सहयोग से किया जा रहा है।

संस्कारधानी के संगीत पुरोधा स्व. गिरजा कुमार सिन्हा की स्मृति में होने वाला यह कार्यक्रम नगर के संगीतप्रेमियों के लिए प्रतिवर्षानुसार निःशुल्क रखा गया है। जिसमें संगीत संयोजन नगर के प्रतिभावान संगीत निर्देशक प्रशांत कुशवाहा और मंच संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक तथा रंगकर्मी शरद श्रीवास्तव करेंगे।

## वीडियो वायरल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पर वसूली का आरोप

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी जनपद में विराजमान जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी द्वारा ग्रामीण सरपंचों से अवैध उगाही करने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के आदिवासी महिला सरपंच ने उपाध्यक्ष द्वारा किए जा रहे वसूली की वीडियो बनवाया। अब इसकी लिखित शिकायत मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के कलेक्टर, एसपी, जिला पंचायत सीईओ, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित तमाम अधिकारियों को की गई है।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम कोरचाटोला सरपंच नीलिमा ठाकुर ने प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित शिकायत व उनके साथ हो रहे ब्लैकमेलिंग तथा वसूली से जुड़े शिकायत और वीडियो क्लिप प्रेषित किया है। आदिवासी महिला कोरचाटोला की प्रधान नीलिमा ठाकुर ने शिकायत में कहा है कि अंबागढ़ चौकी जनपद उपाध्यक्ष शंकर तिवारी बीते कई दिनों से 70 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। वह इस ब्लैकमेलिंग से मानसिक रूप से प्रताड़ित हो गई है। उपाध्यक्ष द्वारा फिर से तत्काल 40 हजार की मांग पर 4 अगस्त को जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के परिसर में बुलाकर 15 हजार नगद लिया गया। इस ब्लैकमेलिंग और वसूली से जुड़े इस मामले के उजागर होने के बाद अंबागढ चौकी क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी हुई है।



#### कार्रवाई होनी चाहिए

आदिवासी महिला सरपंच से ब्लैकमेलिंग और वसूली का मामला सामने आया है। प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल इस मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए।

- **नम्रता सिंह,** अध्यक्ष, जिला पंचायत

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत जिले के आपदा प्रभावितों एवं उनके परिजनों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रुपए, अतिवृष्टि से 2 केला फसल क्षति होने पर 28 लाख 441 रुपए, तालाब के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, अतिवृष्टि से 6 मकान आंशिक क्षति होने पर 20 हजार रुपए, आग से 2 मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रुपए व छुरिया तहसील अंतर्गत सर्पदंश से 2 जनहानि होने पर 8 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## राष्ट्रपति ने सेवानिवृत्त आदिवासी अफसरों से की मुलाकात



**राजनांदगांव।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आदिवासी अफसरों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सभी सामाजिक रिटायर्ड अफसरों से शासन की योजनाओं के विस्तार पर रायशुमारी की। पिछले चार जुलाई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस मुलााकात कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेश के भी आदिवासी समाज के रिटायर्ड अफसर शामिल हुए। राष्ट्रपति के बुलावे पर छत्तीसगढ़ से सेवानिवृत्त अफसर शिशुपाल सोरी, भारत सिंह, फुलसिंग नेताम, राधेश्याम नायक, गंभीर ठाकुर आदि शामिल हुए। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने आदिवासी समाज से जुड़े सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर सहित अन्य विभागों के अफसरों से शासन की योजनाओं को पिछड़े वर्गों तक कैसे पहुंचाया जाए, इस विषय पर रायशुमारी की।

## गाली-गलौज व मारपीट की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

- पार्टी के बाद मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जमानत मुचलका पर छूटने के बाद आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ पुनः गाली-गलौज व मारपीट करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 अगस्त को प्रार्थी हुपेश साहू 25 साल निवासी ग्राम गिधवा थाना घुमका ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 5 अगस्त को नमन सोनी का जन्मदिन था, जिसके सेलिब्रेशन के लिए होटल रैलिज स्थित रूम नं. 304 में उसे बुलाया गया था, जहां पर आरोपी एवं उसके साथीगण बीयर पीये और बातों में पुराने पैसे की वसूली के बात को लेकर मां-बहन की गंदी-गंदी गाली-गुफ्तार, हाथ-मुक्का व लात से मारपीट की।

रिपोर्ट करने पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 191 (2), 127 (2) बीएनएस कायम कर 6 अगस्त को गिरफ्तार कर जुर्म जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया था।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

जमानत पर रिहा होने के पश्चात अनावेदक देवांश ठाकुर 18 साल निवासी गौरीनगर व नमन सोनी 19 साल निवासी गौरीनगर स्टेशन रोड नगर निगम काम्पलेक्स के सामने पहुंचकर प्रार्थी को तुम हमारे खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट किया है, तेरे को देख लेंगे, कहकर धमकी-चमकी देने की सूचना पर पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर आम जनता के सहयोग से अनावेदकों को समझाईश देने का प्रयास किया गया।

जो पुलिस को देखकर और आक्रोशित होकर हो-हल्ला कर मार डालेंगे, काट डालेंगे कहकर धमकी-चमकी देने लगे।

संज्ञेय अपराध घटित होने की स्थिति निर्मित होने पर धारा 170 बीएनएसएस के तहत 6 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 126, 135 (3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा कायम कर माननीय कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य बने प्रशांत

**राजनांदगांव।** उच्च शिक्षित प्रशांत गुप्ता (राजे) जिला संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को राजनांदगांव रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया। विदित है कि प्रशांत गुप्ता ने अभी तक लगभग 500-600 बच्चों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण अपने वहन पर दिया है।



### पीटीएस में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित होगा। उन्होंने समारोह स्थल में साफ-सफाई, बेरिकेटिंग, मंच, साज-सज्जा, दर्शक दीर्घा, पेयजल, विद्युत, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंगोली, सहित अन्य तैयारी के संबंध में निर्देश दिए।.

## बिजली बिल की छूट में कटौती पर भड़के कांग्रेसी, आज होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार द्वारा 400 यूनिट तक की बिजली बिल हाफ योजना को 100 यूनिट किए जाने के मामले में कांग्रेस द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते प्रदेश सरकार को घेरा गया। कांग्रेस प्रतिनिधियों ने कहा कि बिजली बिल हॉफ योजना बंद कर गरीब जनता पर अत्याचार किया जा रहा है। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे 5 साल तक प्रदेश की जनता को राहत देते बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट बिजली में 50 प्रतिशत की छूट दी गई। अब 101 यूनिट से ऊपर खपत करने वालों को पूरा बिल भुगतान करने आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, जो उचित और न्याय संगत नहीं है।

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि पिछले महीने ही प्रदेश सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे यूनिट की वृद्धि की गई है। वहीं गैर घरेलू बिजली दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी की गई। सर्वाधिक बढ़ोत्तरी कृषि पंप के बिजली दर में 50 पैसे प्रति यूनिट वृद्धि की गई थी। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल के भीतर सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है।




#### जनता पर आर्थिक बोझ

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेश पाटिल ने भी प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते कांग्रेस सरकार की योजना को बंद किए जाने से आम जनता पर बिजली का अधिक भार पड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सरप्लस और सस्ते दर पर बिजली मिलती थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के अधिकांश बिजली उपभोक्ता बिल हाफ योजना से वंचित हो गए हैं।

#### प्रदेशभर में होगा आंदोलन

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत भी लगातार आ रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। वहीं आम जनता को लूटने का काम प्रदेश की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्य पूर्ण फैसले का विरोध करती है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेची जा रही है। सरकार के इस जन विरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

#### विद्युत मंडल का घेराव

बिजली बिल हाफ योजना में कटौती किए जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर में आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल 7 अगस्त को राजनांदगांव विद्युत मंडल कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलजीत सिंह पिंटू, कुतबुद्दीन सोलंकी, भागवत साहू, हेमा देशमुख, विभा साहू, थानेश्वर पाटिला, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## शहर के सौंदर्यीकरण के लिए हो रहा काम

# विस अध्यक्ष ने सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने आज अपने विधानसभा निवास कार्यालय में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक सहित अन्य आयोजन में शामिल होने पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सभी कार्य समय पर हो। इसके लिए विभागवार समीक्षा बैठक आवश्यक होती है।

राजनांदगांव पुलिस विभाग द्वारा जनसहयोग से चलाई जा रही त्रिनेत्रम योजना के माध्यम से सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की सराहना करते डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शहर के हर वार्ड में कैमरा लगाने का कार्य भी काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में राजनांदगांव अकेला शहर होगा। जिसमें पूरे शहर को कैमरे से वॉच करने कंट्रोल रूम रहेगा। यह शहर की सुरक्षा के लिए काफी बेहतर है।



**वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा :** शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण की दृष्टिकोण से फ्लाई ओवर के नीचे अच्छा कार्य हो रहा है। वहीं शहर को हरा-भरा रखने भी व्यापक वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।

#### भू-भाटक में निर्धारित प्रक्रिया का होगा पालन

प्रदेश में नजूल भूमि के भू-भाटक के निर्धारण को लेकर राजनांदगांव शहर में सरकार द्वारा अलग मापदंड से वसूली मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश में जो प्रक्रिया राजस्व मामले को लेकर निर्धारित है, उसी निर्धारित प्रक्रिया का पालन राजनांदगांव में भी हो, इसके लिए मुख्य सचिव को कहा गया है।

#### 32 लाख उपभोक्ता को मिलेगा लाभ

400 यूनिट तक की हाफ बिजली बिल योजना को बंद कर 100 यूनिट किए जाने के मामले में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश में लगभग 32 लाख उपभोक्ता है, जो 100 यूनिट तक ही बिजली की खपत करते हैं। इन्हें सीधे लाभ होगा। वहीं उन्होंने कहा कि कुछ परिवार जिनकी खपत 200 से 400 यूनिट है, उनको थोड़ा बोझ पड़ सकता है।



## पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने साहू समाज भवन के लिए 20 लाख की घोषणा की

# डोंगरिया कला में महाकुंभ, 37वें श्री हरि कीर्तन महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा/पांडातराई

श्रावण मास का पावन पर्व, श्री जलेश्वर महादेव धाम का भव्य परिसर, राधा-कृष्ण के झूले की अलौकिक सजावट और 24 घंटे गूंजते हरि-कीर्तन के मधुर स्वर—डोंगरिया कला सोमवार को मानो भक्ति और उत्साह के महाकुंभ में बदल गया। साहू समाज श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा आयोजित लगातार 37वें हरि कीर्तन (झूला) महोत्सव का जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। लेकिन इस आयोजन को और ऐतिहासिक बना दिया पंडरिया विधायक भावना बोहरा की उस घोषणा ने जिसमें उन्होंने समाज की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए साहू समाज भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये देने की बात कही। जैसे ही यह घोषणा हुई, पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और खुशी के नारों से गूंज उठा। भक्ति और उल्लास का अद्वितीय संगम सुबह से ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। राधा-कृष्ण के लिए सजाए गए झूले पर फूलों और रंग-बिरंगी झालरों की मनमोहक सजावट थी।

हरि-कीर्तन मंडलों की भजन प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने न केवल झूला दर्शन किए, बल्कि सामूहिक भक्ति में भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया। व अतिथियों का गरिमामयी आगमन मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू और विशिष्ट अतिथि के रूप में नंदनी साहू, पूर्णिमा मनीराम साहू, वीरेंद्र साहू, गंगाबाई लोकचंद साहू, धर्मराज साहू, श्रवण कुमार साहू, गजपाल साहू, नरेश साहू, घनश्याम साहू, मीनू राम साहू, सुदर्शन साहू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

### भक्ति सेवा और समाज सुधार की प्रेरणा




महोत्सव के दौरान मंच से वक्ताओं ने समाज में शिक्षा युवा नेतृत्व और एकजुटता की अपील की। महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। 24 घंटे के अखंड हरि-कीर्तन के बीच प्रसाद वितरण और झूला दर्शन का सिलसिला निरंतर चलता रहा। समापन पर झूला दर्शन और महाप्रसाद अंतिम चरण में राधा-कृष्ण के झूला दर्शन, भजन-कीर्तन और सामूहिक आरती के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन ने यह साबित किया कि डोंगरिया कला न केवल भक्ति का केंद्र है, बल्कि सामाजिक एकजुटता और विकास की प्रेरणा का भी प्रतीक है।

### भावना बोहरा की घोषणा पर गूंजा पंडाल

मंच से संबोधित करते हुए विधायक बोहरा ने कहा साहू समाज की एकता, संस्कृति और सेवा भाव प्रेरणादायक है। आपके समाज भवन का सपना अब जल्द पूरा होगा। इसके निर्माण के लिए मैं 20 लाख रुपये की राशि दे रही हूं। यह सुनते ही पंडाल में मौजूद हर व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान और आंखों में चमक आ गई। सामाजिक एकजुटता का संदेश अध्यक्ष भागीरथी साहू और महामंत्री ईश्वरी प्रसाद साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि साहू समाज भवन की घोषणा से न केवल संगठन की गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी, बल्कि जिले के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों को स्थायी आधार भी मिलेगा।

# कंझेटा स्कूल में सीएमओ की उपस्थिति में पालक शिक्षक पीटीएम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कंझेटा में मेगा प्रथम पालक शिक्षक बैठक पीटीएम मुख्य नगर परिषद पंडरिया अधिकारी अमिताभ शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ संजय वैष्णव के द्वारा दी जानकारी अनुसार पालक शिक्षक बैठक का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों का शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत हो शिक्षक एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाना एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप के द्वारा ड्रॉप आउट रोकने के लिए पालकों की भूमिका सुनिश्चित करना बैठक में चर्चा के विषय बिंदु रहा बच्चों के घर का वातावरण छात्र दिनचर्या बच्चा ने आज क्या सिखा बच्चा बोलेगा बेझिझक बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा,बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र पर चर्चा, नेवता भोजन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा, छात्रवृति एवं विभागीय योजना की जानकारी, पॉस्को एक्ट 2012 का क्रियान्वयन। उक्त कार्यक्रम में बहुत अधिक संख्या में छात्र छात्राएं के पालकगण, जनप्रतिनिधि एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मोहन चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी, जगदीश साहू, ग्राम पंचायत सरपंच भागीरथी सोनवानी, तोषण शर्मा एवं स्टाफ से श्रीमती शिवानी दिनेश, प्रधान पाठक हीराराम चंद्रवंशी, श्रीमती नंदनी लांझेकर, अर्जुन चंद्रवंशी, प्रभाकर ताम्रकार, परमेश मरावी, मोहन शर्मा उपस्थित थे।

### भीमरेजीमेंट छत्तीसगढ़ जिला इकाई कबीरधाम का बैठक संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** दिन बुधवार को भीमरेजीमेंट छत्तीसगढ़ जिला इकाई कबीरधाम का बैठक रखा गया, जिसमें मुख्य रूप से भीमरेजीमेंट छत्तीसगढ़ के 7वां स्थापना दिवस मनाने के संबंध में और कुछ नए पदाधिकारियों को पद दिया गया, जिसमें कवर्धा जिला से ग्राम पंचायत बरबसपुर के उपसरपंच प्रतिनिधि मुंगेश कोसले को भीमरेजीमेंट छत्तीसगढ़ में प्रदेश पदाधिकारी के रूप में प्रदेश सह संयोजक के रूप में पद दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भीमरेजीमेंट छत्तीसगढ़ के प्रदेश के संस्थापक आरके डहरिया, दिनेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष जीवराखन बांधे, प्रदेश कार्य अध्यक्ष कमलेश लहरें, प्रदेश कार्य उपाध्यक्ष राकेश भट्ट, जिला अध्यक्ष अजय बघेल, पूर्व जिलाध्यक्ष जय प्रकाश पोर्ते एवं जिला के सभी पदाधिकारी गण एवं सदस्य सहित उपस्थित रहे। व बैठक को संपन्न किये।

### खबर संक्षेप

#### निर्माण कार्यों के लिए 25 लाख 10 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति



**कवर्धा।** कैबिनेट मंत्री व कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा कवर्धा विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यो के लिए प्रभारी मंत्री मद से 25 लाख 10 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा, कवर्धा और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। प्रभारी मंत्री मद से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बानों में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में आहता निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपए, ग्राम पंचायत भागुटोला में सरस्वती शिशु मंदिर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए, उपपंजीयक कार्यालय बोड़ला में विश्राम के लिए सीमेंट कुर्सी एवं शेड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 60 हजार 700 रूपए और उपपंजीयक कार्यालय बोड़ला में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य के लिए 7 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है।

#### डीयू ने सेमेस्टर परीक्षा परिणाम की घोषणा की

**कवर्धा।** कवर्धा दुर्ग के हेमचंद विवि के सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें सेमेस्टर परीक्षा मई-जूका 95.98 प्रतिशत, एमएससी ( सेमेस्टर का 65.96 प्रतिशत रहा है। विश्व विद्यालय परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अपलोड है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम**

**ईश्तहार**

क्रमांक 2073/रीडर 01/अ.वि.अ/2025

कवर्धा, दिनांक 01/08/2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महंत गोविंद दास गुरू महंत स्व. रामबलीदास निवासी जमात मंदिर कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. ने आवेदन पेश किया है, कि शाहबिहारी, श्यामबिहारी जमात मंदिर कवर्धा पंजीकृत ट्रस्ट है इसका कार्यकारी न्यासी सर्वराकार स्व. महंत रामबलीदास रहे है। जो ट्रस्ट के समस्त कार्यवाही करते तथा संपत्ति की देखरेख करते थे। आवेदक इस ट्रस्ट का पंजीकृत न्यासी है।

सर्वराकार महंत रामबलीदास दिनांक 04.06.2022 को गवाहों के समक्ष वसीयतनामा निष्पादित किया था, जिसके अनुसार शाहबिहारी श्यामबिहारी जमात मंदिर ट्रस्ट रजिस्टर कवर्धा में सर्वराकार महंत रामबलीदास के मृत्यु के पश्चात आवेदक महंत गोविंद दास का नाम दर्ज करने एवं ट्रस्ट के नाम पर स्थित समस्त अचल संपत्ति को आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 13/08/2025 को प्रातः 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 01.08.2025
पेशी तिथि - 13.08.2025

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा) एवं पंजीयक सार्वजनिक न्यास कवर्धा

# आदित्यवाहिनी ने किया नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

आदित्यवाहिनी पिपरिया व कवर्धा द्वारा राष्ट्र उत्कर्ष हेतु मंगलवार को साहू धर्मशाला नगर पंचायत पिपरिया में सीताराम संकीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ एवं दिव्य संगोष्ठी का अयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सर्व प्रथम नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरूवा राम साहू द्वारा जगद्गुरु शङ्कराचार्य भगवान स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के तैल चित्र में माल्यार्पण कर विधि विधान से पूजन किया गया। तत्पश्चात गुरुदेव भगवान के प्रेरणा से भारत राष्ट्र अतिशीघ्र हिन्दू राष्ट्र व गौ हत्या पूर्णतः बंद हो इस संकल्प से आदित्यवाहिनी नगर इकाई पिपरिया एवं जिला इकाई कवर्धा संगठन द्वारा घर-घर संवाद हर घर हनुमान चालीसा पाठ प्रकल्प चलाया गया। साथ ही आदित्यवाहिनी नगर इकाई पिपरिया के पीठ परिषद् के वरिष्ठ सदस्यो के उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का गठन कर पदभार ग्रहण कराया जो कि इस प्रकार है। अभिजीत केशरवानी को नगर अध्यक्ष, चोवा राम साहू को नगर सचिव, सत्यनारायण चंद्राकर को नगर उपाध्यक्ष, गोपाल चंद्रवंशी को नगर सहसचिव, खेमराज चंद्रवंशी को नगर कोषाध्यक्ष उक्त अवसर पर पीठ परिषद पिपरिया के डॉ मनोहर चंद्रवंशी , नन्द शर्मा, दशरथ सोनी के साथ आदित्यवाहिनी कवर्धा के जिला पदाधिकारी आशीष दुबे, नंदू सिंह ठाकुर, बृजभूषण वर्मा, लोकेश त्रिपाठी, सुरेंद्र गुप्ता, मारुति नंदन शर्मा, मोनू सिंह ठाकुर, कुलेश्वर ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर, सुरेश गुप्ता, विनोद सिंह, अखिलेश देवांगन, गणेश देवांगन, लक्ष्य विश्वकर्मा, सफल गुप्ता, प्रथमनील त्रिपाठी उपस्थित थे। साथ ही उक्त दिव्य संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में आशीष दुबे एवं शुभांक शर्मा उपस्थित थे। आदित्यवाहिनी के जिलाध्यक्ष आशीष दुबे ने पीठपरिषद्, आदित्यवाहिनी, आनन्दवाहिनी एवं पूरी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के हिन्दू राष्ट्र महाभियान के विषय में सभी को अवगत कराया। उक्त दिव्य आयोजन में पिपरिया के युवा भक्तवृंद बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम के मंच का संचालन बृज भूषण वर्मा द्वारा किया गया।

# सरगम समूह की संगीतमय प्रस्तुति से आकांक्षा हाट मेला में छाया उत्सव का रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षा हाट मेला 2025 में सांस्कृतिक मंच पर सरगम समूह की धमाकेदार प्रस्तुति ने कार्यक्रम को संगीतमय ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया। सरगम टीम ने नए-पुराने देशभक्ति एवं धार्मिक गीतों की ऐसी मधुर प्रस्तुतियां दीं कि पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा। दर्शकों ने हर गीत को खुलकर सराहा और भावनाओं में डूबकर संगीत का आनंद लिया। इस मनमोहक प्रस्तुति में सरगम टीम के कलाकारों महेश सिंह ठाकुर, शिवेंद्र चंद्रवंशी, स्वतंत्र श्रीवास्तव, बलवीर ठाकुर, रमेश रावत, श्रुति सिंह और किरण नरवानी ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। सरगम टीम के संस्थापक सदस्य महेश सिंह ठाकुर ने बताया कि सरगम टीम ने जिले स्तर पर आयोजित एक से बढ़कर एक मंचों पर अपनी शानदार प्रस्तुतियां दी हैं। चाहे वह सरस मेला हो या स्वदेशी मेला हो या भोरमदेव महोत्सव हमारी टीम ने हर मंच पर अपनी संगीतमय कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। सरगम टीम की पहचान अब केवल एक समूह की नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक मिशन बन चुकी है जो संगीत के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य कर रही है।

### कलाकारों का किया गया सम्मान

ईश्वरी साहू अध्यक्ष, जिला पंचायत कबीरधाम, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, अजय कुमार त्रिपाठी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर गरिमामय रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कलाकारों की प्रस्तुति के प्रति सराहना और जिले की सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित होगा।

### छिरहा में पालक शिक्षक बैठक का सफल आयोजन, बड़ी संख्या में पालक रहे उपस्थित



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शिक्षकगण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत कार्य करते आए हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चना पश्चात पालकों के स्वागत से हुआ। इसी तारतम्य में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति में लिए पालकों की अहम भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय में कुल दर्ज 209 विद्यार्थियों में से 122 अर्थात 58.37 प्रतिशत पालक उपस्थित थें। यह वर्तमान शिक्षा सत्र का पहला व अब तक का 16 वां बैठक है, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पालकों को बच्चों व विद्यालय की सम्पूर्ण गतिविधियों से अवगत कराने, विद्यालय व पालक के मध्य बेहतर समन्वय, बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने, दस गांव के पालकों को एक मंच पर लाकर विद्यालय विकास के लिए सुझाव प्राप्त करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप ड्राप आउट रोकने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन हुआ। संस्था के प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी ने पालकों को संबोधित करते हुए विद्यालय में संचालित खुला वाचनालय, न्यूज कार्नर, विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास व अभिव्यक्ति का अवसर, निःशुल्क सायकल व पाठ्यपुस्तक, छात्रवृत्ति, बस्ते के बोझ से मुक्ति, संभाग स्तरीय खेल में चयन, स्वास्थ्य परीक्षण, नशामुक्ति, दस गांव के पालकों के घर जाकर संपर्क, वर्ष-2025 में दसवीं में 84.53 प्रतिशत परीक्षा परिणाम, पाठ्यक्रम अनुरूप अध्यापन, शिक्षण में आईसीटी का प्रयोग, विद्यालय में 14 प्रकार के समितियों के माध्यम से पाठ्येत्तर गतिविधियों का आयोजन, इंस्पायर अवार्ड में चयन, स्काउट गाइड के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय 4 दिवसीय प्रशिक्षण में सहभागिता, पढ़ाई के लिए घर में उपयुक्त स्थान, छात्र दिनचर्या, परीक्षा तनाव प्रबंधन, प्रतियोगी परीक्षाएं, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाएं, गुटखा पाउच पर प्रतिबंध, जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र, विद्यार्थियों का घर में पढ़ने के लिए प्रातः 4 से 7 बजे तक का समय निर्धारण, कैरियर मार्गदर्शन, वर्तमान सत्र मंए 10वीं में 85 का लक्ष्य, योग व व्यायाम वृक्षारोपण, राष्ट्रीय पर्वो का गरिमामय आयोजन, स्वच्छता, मिट्टी व काष्ठ कला से रचनात्मक कार्य आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

# मां भगवती बोल बम समिति राम्हेपुर कला ने 151 किलोमीटर दूरी तय की



हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

मां भगवती बोल बम समिति राम्हेपुर कला द्वारा 151 किलोमीटर दूरी तय कर कठिन परिश्रम के साथ अमरकंटक धाम से मां नर्मदा कुण्ड से पवित्र जल लेकर 40 कांवड़ यात्रा ने पदयात्रा कर डोंगरिया जलेश्वर महादेव, भोरमदेव मंदिर व बूढ़ा महादेव तथा गांव की शिव मंदिर शिवालय में जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त की। मां भगवती बोल बम समिति राम्हेपुर कला के नगर आगमन पर भक्तों और श्रद्धालुओं ने फूलों से स्वागत किया। मां भगवती बोल बम कांवड़ियों का जत्था ने गांव की शिव मंदिर और शिवालय में जलाभिषेक कर गांव परिवार व समाज में सुख शांति समृद्धि के लिए आशीर्वाद की प्रार्थना की गई, वहीं गांव में हर-हर महादेव व बोल बम के नारे से नगर गूंज उठा। जिसमे अध्यक्ष रमेश यादव, उपाध्यक्ष हेमनलाल साहू, सहयोगी दुर्गा पाली तथा ऋषि मिश्रा और जयराम साहू सांसद प्रतिनिधि का विशेष योगदान रहा।

### प्रमुख विषयों में विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थियों में बढ़ा आत्मविश्वास

# युक्तियुक्तकरण नीति बनी ग्रामीण शिक्षा की रीढ़, विषय विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में संतुलन, पारदर्शिता और परिणाममुखी व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में लागू की गई युक्तियुक्तकरण नीति अब जिले के विद्यालयों में बदलाव की मिसाल बनकर उभर रही है।

इस नीति के माध्यम से कबीरधाम जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में लंबे समय से चली आ रही विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी को दूर किया गया है। खासतौर पर गणित, जीवविज्ञान और अर्थशास्त्र जैसे प्रमुख विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति से न केवल छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है, बल्कि उनकी शैक्षणिक प्रगति और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में भी अभूतपूर्व सुधार देखने को मिल रहा है। यह पहल विद्यार्थियों के भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में शासन की दूरदर्शी सोच और जनहितैषी दृष्टिकोण का प्रमाण है। कबीरधाम जिले में गणित विषय के लिए शासकीय हाईस्कूल बोदा 03 शा स . उ . मा . वि . झ ल म ला , उडियाखुर्द, बा. चारभाठा और रवेली में शिक्षकों की तैनाती की गई है। गणित जैसे विषय में शिक्षक की अनुपलब्धता छात्रों के आत्मविश्वास और परिणामों पर सीधा असर डालती थी। अब विद्यार्थियों को वर्ग, त्रिकोणमिति, बीजगणित जैसे जटिल विषयों को समझने में आसानी हो रही है। जीवविज्ञान विषय की बात करें तो शासकीय हाईस्कूल कोसमंदा, दशरंगपुर, कोडापुरी, सारंगपुर कला और मिनमिनिया जंगल में विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। ये स्कूल दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं जहाँ जीवविज्ञान जैसे प्रयोगात्मक विषय के लिए प्रशिक्षित शिक्षकों की अत्यधिक आवश्यकता थी। अब इन विद्यालयों में विद्यार्थी प्रयोगशाला गतिविधियों के साथ गहन अध्ययन कर पा रहे हैं, जिससे उनका सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान दोनों मजबूत हो रहा है। अर्थशास्त्र विषय के लिए शास.उ.मा.वि. कुण्डा और दशरंगपुर में शिक्षकों की नियुक्ति हुई है।



अर्थशास्त्र जैसे विषय में विशेषज्ञता के अभाव के कारण ग्रामीण छात्र पिछड़ रहे थे। लेकिन अब बाजार सिद्धांत, विकास की अवधारणाएँ और भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे जटिल विषयों को समझना छात्रों के लिए सहज हो गया है। युक्तियुक्तकरण नीति के चलते अब शिक्षकों का संतुलित वितरण हो रहा है और प्रत्येक विद्यालय में विषयानुसार पढ़ाई संभव हो रही है। यह केवल एक प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि यह शिक्षा के समान अधिकार और समावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम है। इस नीति से जहाँ शहरी और ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में समानता आ रही है, वहीं छात्र-छात्राओं में प्रतिस्पर्धा और सीखने की ललक भी बढ़ रही है। शासन की यह दूरदर्शी पहल आने वाले समय में बोर्ड परीक्षा परिणामों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक में जिले की छवि को ऊँचा उठाएगी। स्पष्ट है कि गणित, जीवविज्ञान और अर्थशास्त्र जैसे विषयों में विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति केवल कक्षा की पढ़ाई ही नहीं सुधार रही, बल्कि यह विद्यार्थियों के जीवन और भविष्य को नई दिशा दे रही है।

# पूर्व एवं प्राथमिक शाला मक्के में प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शासकीय पूर्व एवं प्राथमिक शाला मक्के में प्रथम पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पालक और शिक्षक में बेहतर सामंजस्य स्थापित करना, पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना व पढ़ाई के लिए बच्चों को जागरूक करना जैसे-पढ़ाई की जगह तय करें, साफ-सुथरा रखें सही रोशनी और हवा सही समय-सारणी बनाए डिस्ट्रैक्शन से बचें सेहत का ध्यान रखें, सकारात्मक माहौल तैयार करना, खुद को प्रेरित करना लक्ष्य निर्धारित करना अपने कामों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटना जैसे महत्वपूर्ण विषय की जानकारी दिया गया। साथ ही साथ पालकों से सुझाव भी लिए गए अधिकांश पालकों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास से संबंधित सुझाव दिए। बैठक में उपस्थित अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, संकुल समन्वय राम सिंह साहू, प्रधान पाठक कपूर राम चंद्रवंशी, प्रधान पाठिका एलवीना विलसन, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू उपसरपंच, नंद राम साहू, पालकों में भोला, अयोध्या, विशाल, मनोहर, नंदकिशोर, मोहित श्रीमती राजवंती, तुलेश्वरी, रजन, इंद्राणी, चंपा, रेवती, रुक्मणी, कमला, सुकृति, राजकुमारी, मधु व बच्चे उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## मत्स्यकीय महाविद्यालय में मनाया गया व्यास पूजन

**हरिभूमि कवर्धा।** मंगलवार को स्व श्री पुनाराम निषाद मत्स्यकीय महाविद्यालय कवर्धा में व्यास पूजन का कार्यक्रम मनाया गया। वर्तमान समय में गुरु-शिष्य की स्वस्थ परंपरा को बरकार रखने और इसके महत्व को समझने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम मनाया गया। यह कार्यक्रम शिक्षकों के सम्मान हेतु महर्षि वेद व्यास के जन्म तिथि पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूर्णिमा के रुप में व्यास पूजन मनाया जाता है। रासेयो के द्वारा शिक्षको के सम्मान हेतु तिलक कर स्वागत किया गया एवं गीत-संगीत, कविता, भाषण कार्यक्रम किया गया। शिक्षको द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए गुरु-शिष्य के महत्व को बताया गया।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिले छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

- शिवराज सिंह ने पीएम जनमन योजना में छत्तीसगढ़ को 100 पुल निर्माण सहित 375 .71 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यो को मजबूती देते हुए बुधवार को केंद्र सरकार की ओर से राज्य में 100 पुलों और अन्य निर्माण कार्यो के लिए 375.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने नई दिल्ली में उनसे मिलने आए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए इसकी घोषणा की।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पीएम जनमन बैच 2025-26 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को 375.71 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत के साथ 6.569.56 मीटर के 100 पुल स्वीकृत किए हैं। इस स्वीकृति के साथ राज्य को अब तक 715 सड़कें 2.449.108 किलोमीटर एवं 100 पुलों के निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है। शिवराज सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य दूर-दराज और अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों, पीवीटीजी को सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।



### विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं भावी रणनीतियों पर बातचीत हुई

स्वीकृति राशि की मदद से निर्मित सड़कें एवं पुल पीवीटीजी आबादी की सामाजिक, आर्थिक स्थितियों को बदलने में एक बड़ा बदलाव साबित होगी और उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी। साथ ही इस कदम से प्रधानमंत्री के विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना भी पूरी होगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उप मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क और पुलों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ फास्ट ट्रैक मोड में पूरा हो, यह प्रसन्नता की बात होगी। बैठक में राज्य में चावल के भंडारण के लिए वैकल्पिक उपाय, ग्रामीण और पंचायत स्तर पर व्यवस्था को मजबूत करने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नए घरों की स्वीकृति हेतु सर्वे एवं अन्य विभिन्न विषयों पर भी चर्चा एवं भावी रणनीतियों पर बातचीत हुई।

### मृतक मंगलवार से था लापता, घर नहीं लौटने पर परिजन कर रहे थे तलाश

# नदी में बहता मिला बुजुर्ग का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडातराई

कबीरधाम जिले के पांडातराई थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम धोबहट्टी में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने हाफ नदी में एक बुजुर्ग की शव तैरते हुए देखा। नहाने के लिए पहुंचे ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी, तो ग्रामीणो ने तत्काल उक्त सूचना पुलिस टीम को दी। बताया जाता है कि नदी में तैरती बुजुर्ग की शव देखे जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते गांव वाले बड़ी संख्या में नदी तट पर इकट्ठा हो गए। मौके पर पहुंची पांडातराई चौंकी पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और उनकी पहचान की प्रक्रिया शुरू की। वहीं मृतक की पहचान रेहुटा निवासी कृष्ण कुमार निषाद आयु 70 वर्षीय के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार मृतक कृष्ण कुमार निषाद मंगलवार दोपहर लगभग 3 बजे भोजन के बाद घर से निकले थे, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटे। जिस पर परिजनों ने काफी खोजबीन की गई वहीं बुधवार सुबह उनकी मौत की खबर मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।

**जांच पड़ताल में जुटी पांडातराई पुलिस**



पांडातराई पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रुपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### लोगों को दी गई समझाईश

शासन प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए अत्यधिक सतर्कता बरतें। लापरवाही पूर्वक नदी पार करना या गहराई में जाकर स्नान करना जानलेवा साबित हो सकता है। वहीं लोगों से बार-बार चेतावनी के बावजूद लोग जोखिम उठाते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

# चाय दुकान में भीषण आगजनी गैस सिलेंडर ब्लास्ट से मचा हड़कंप

### बड़ा हादसा टला, दुकान जलकर राख हुई, हुआ आर्थिक नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के सहसपुर लोहारा रोड स्थित अमृत तुल्य चाय दुकान में बुधवार सुबह अचानक आगजनी की घटना सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आगजनी इतनी भीषण व भयानक थी कि दुकान में रखा गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। हालांकि गनीमत रही कि घटना के समय दुकान बंद थी और कोई व्यक्ति भीतर मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह के वक्त स्थानीय लोगों ने दुकान से धुआं उठते देखा। जिसकी सूचना तत्काल दुकानदार को दी गई। तब तक आग भयानक व विकराल रूप ले चुकी थी और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं इस भीषण आगजनी से दुकान में रखे फ्रिज, गैस सिलेंडर, खाद्य सामग्री, टेबल-कुर्सियां, फर्नीचर सहित सभी सामान जलकर खाक हो गए। आग लगने के कुछ देर बाद गर्मी के कारण सिलेंडर फट गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक पूरा व्यवसायिक स्थल राख में तब्दील हो चुका था। कोतवाली थाना के उपनिरीक्षक त्रिलोक प्रधान ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आग उस समय तक बुझ चुकी थी, लेकिन दुकान का सारा सामान जलकर बिखर चुका था। प्रारंभिक जांच में आग लगने के बाद सिलेंडर फटने की पुष्टि हुई है, मामले की विस्तृत जांच जारी है। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, जो कि राहत की बात है, लेकिन दुकानदार को लाखों रुपए की भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

# पालक-शिक्षक बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर रहा फोकस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल पोलमी में बुधवार को पालक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार एवं पालकों के बीच बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक प्रगति हेतु विद्यालय और पालकों के मध्य समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक में शिक्षकों ने पालकों को बच्चों की गतिविधियों, अनुशासन, दिनचर्या, परीक्षा तैयारी और पढ़ाई के माहौल पर जानकारी दी।

साथ ही पालकों को प्रोत्साहित किया गया कि वे घर पर पढ़ाई के लिए एक निश्चित शांत स्थान निर्धारित करें, बच्चों से प्रतिदिन यह पूछें कि उन्होंने क्या सीखा और परीक्षा के समय संतुलित आहार व मानसिक सुदृढ़ता पर ध्यान दें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत ड्रॉपआउट रोकने, बच्चों को तनावमुक्त रखने और पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों की बोलने की झिझक दूर करने हेतु बच्चा बोलेगा बेझिझक कार्यक्रम की जानकारी भी दी गई, जिसमें छात्रों को प्रार्थना सभा में बोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बस्ता रहित शनिवार के आयोजन की जानकारी दी गई, जिसमें रचनात्मक गतिविधियों जैसे स्वच्छता, योगा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण जागरूकता आदि शामिल रहेंगे। पालकों से इसमें सहयोग की अपेक्षा की गई।

स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाएं, विभागीय योजनाएं, जाति-आय-निवास प्रमाण पत्र शिविर और पीओसीएसओ एक्ट 2012 की जानकारी देकर पालकों को जागरूक किया गया ताकि छात्र अधिकतम योजनाओं का लाभ ले सकें। बैठक में सभी पालकों की सहभागिता सराहनीय रही। प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई कि पालकगण विद्यालय के सतत प्रयासों में सहभागी बनकर बच्चों के उज्जवल भविष्य में योगदान देंगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एमएल मुकाती, प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, समन्वयक अशोक पाण्डेय, शिक्षक राकेश सोनी, महेश उईके, द्वारिका चंद्रवंशी, पुनमचंद ठाकुर, श्रवण कुरचाम एवं वरिष्ठ नागरिक शिवकुमार धुर्वे, धनीराम करायत, नानुक लाल गढ़ेवाल, कालीचरण शिव, अंगद शिव, कंवल मार्को उपस्थित थें।

### मां महामाया बोल बम महिला समिति कोलेगांव का किया स्वागत



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव मां महामाया बोल बम महिला समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी महिला बोल बम समिति द्वारा कांवड़ पदयात्रा किया गया, जिसमें डोंगरिया जलेश्वर महादेव व भोरमदेव तथा बूढ़ा महादेव कवर्धा से पदयात्रा करते हुए विधि विधान से पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। वहीं ग्राम कोलेगांव के महादेव मंदिर में जल अभिषेक कर मां महामाया महिला बोल बम समिति ने क्षेत्र व गांव के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए डोंगरिया, भोरमदेव व बूढ़ा महादेव कवर्धा पदयात्रा किया गया। वहीं गांव पहुंचने पर मां महामाया बोल बम समितियां का भव्य स्वागत किया गया।

# कामठी स्कूल में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

सुंदूर वनांचल के गौरव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में पिछले दो वर्षो से विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा ज्ञानदीप योजना चलाया जा रहा है, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान किया जाता है, वहीं इस वर्ष भी इस योजना के तहत मेगा पालक बैठक दिवस पर विद्यालय प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति तथा पालकों के कर-कमलो से कक्षा 11वीं और 12वीं के 88 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कोई भी बच्चे पुस्तक के अभाव में शिक्षा से वंचित न हो इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सभी व्याख्याता गण, शिक्षक शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में पालक गण तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।



### फलो एवं सब्जियों के आचार बनाने की विधि पर प्रकाशित पाम्पलेट का किया विमोचन

# मशरूम उत्पादन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ती जिले की महिलाएं: रश्मि शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में बुधवार को मशरूम उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि विजय शर्मा शामिल हुए। कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा द्वारा कौशल भारत एवं ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के 106 महिला प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन एवं माली प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। सफल प्रशिक्षणार्थियों को पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि विजय शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया तथा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा फलो एवं सब्जियों के आचार बनाने की विधि पर प्रकाशित पाम्पलेट का विमोचन किया गया। उन्होने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं कृषि में पुरूषों के बराबर भागीदार बन रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कि जा रही है। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेकर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनने का अनुरोध किया गया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि मशरूम प्रोटीन का एक अच्छा स्त्रोत है। इसमें 20-35 प्रतिशत प्रोटीन की मात्रा विद्यमान रहती है। इसमें विटामिन सी, विटामिन डी, पोटेशियम, फास्फोरस, सोडियम तथा सूक्ष्म मात्रा में लोहा भी पाया जाता है। जो मानसिक तनाव से ग्रसित मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। इसमें वसा, स्टार्च, कोलेस्ट्राल की मात्रा कम होती है। प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम उत्पादन के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदाय किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बीपी त्रिपाठी ने कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रीमती सविता ठाकुर, श्रीमती निशा साहू, कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा के वैज्ञानिक इंजी टीएस सोनवानी, डॉ बीएस परिहार एवं डॉ एनसी बंजारा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मशरूम उत्पादन के लिए लगने वाले आवश्यक सामाग्री

प्रशिक्षण में बताया गया कि मशरूम उत्पादन के लिए पैराकुट्टी, गेंहू, भूसा, धान भूसा, पॉलीथीन की थैलियॉ, नॉयलोन रस्सी, मशरूम बीज, प्लास्टिक ड्रम, बांस की टोकरी, गर्मपानी, बावस्टिन एवं फार्मोलिन की जानकारी दी गई। कृषकों को मशरूम उत्पादन के विस्तृत विधि में भूसे के उपचार, बीजाई, फसल प्रबंधन, तोड़ाई आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि मशरूम की पहली फसल बीजाई के 15-20 दिन प्राप्त होने लगता है तथा 1 बैग से 2-3 बार फसल ले सकते है। मशरूम उत्पादन कर किसान अपने फसल अवशेषों का उपयोग कर सकते हैं तथा अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। 1 किलोग्राम मशरूम उत्पादन में लगभग 15-20 रूपए लागत आती है। जिसे आसानी से बाजार में 100-150 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से बेच सकते है।

### करपात्री स्कूल में व्यास पूजा गुरु-शिष्य पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा द्वारा व्यास पूजा अंतर्गत गुरु शिष्य परंपरा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं प्राचार्य डीएस जोशी के निर्देश एवं मार्ग दर्शन में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त व्याख्याता और शिक्षाविद आदित्य कुमार श्रीवास्तव को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा एवं स्वामी विवेकानंद को माल्यार्पण के पश्चात मुख्य अतिथि का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी व्याख्याता वजन राम साहू द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता आदित्य कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा अत्यंत प्राचीन है, उन्होंने श्रीराम चरित मानस की पंक्तियां गुरु गृह गए पढ़न रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई का उल्लेख करते हुए गुरु की आवश्यकता भगवान राम और श्रीकृष्ण को भी हुई थी। उन्होंने धौम्य ऋषि और उनके शिष्य आरुणि तथा उपमन्यु, भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम और उनके गुरु एसएस अय्यर तथा स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस के विषय में छात्र छात्राओं के मध्य गुरु शिष्य परंपरा का महत्व बताया। एनएसएस के स्वयंसेवकों छात्र विक्कू पटेल, पूनम पटेल, पायल खुशरो, सागर पारधी एवं सागर पारधी ने अपने विचार रखे छात्रा कसक ने स्व निर्मित चित्र प्रदर्शित किया। वहीं छात्रा ललिता, बम्लेश्वरी, नेहा, गौरी, करीना, मीनाक्षी, वंदना, विद्या, रंजना ने सुंदर छत्तीसगढ़ी नृत्य पारंपरिक गीत के माध्यम से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में श्रीमती अंजली तिवारी, श्रीमती सरिता चंद्रवंशी, श्रीमती परमजीत कौर व्याख्याता उपस्थित थें। व्याख्याता विवेक श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया संचालन एनएसएस दलनायक स्वयंसेवक युगेश कुर्रे ने किया।